Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

# दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 09 | शुक्रवार, 09 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### बैठक में बोले पीएम मोदी

## 'भारतीय एआई मॉडल कुछ अलग और स्वदेशी कंटेंट को बढ़ावा देने वाले होने चाहिए'

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत पर दुनिया का भरोसा उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि भारतीय एआइ माडल नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डाटा निजता के सिद्धांतों पर आधारित हों। साथ ही भारतीय एआइ माडल विशिष्ट होने चाहिए और उन्हें स्थानीय व स्वदेशी कंटेंट एवं क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना चाहिए। इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट-2026 से पहले भारतीय एआइ स्टार्टअप्स के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सुझाव दिया कि स्टार्टअप्स को इस देश से वैश्विक नेतृत्व की दिशा में काम करना चाहिए और कहा कि भारत किफायती व



समावेशी एआइ और मितव्ययी नवाचार को विश्व स्तर पर बढ़ावा दे सकता है। प्रधामंत्री ने कहा कि स्टार्टअप्स और एआइ उद्यमी भारत के भविष्य के सह-निमार्ता हैं। अगले महीने होने वाली उक्त समिट के लिए चयनित 12 भारतीय एआइ स्टार्टअप्स ने बैठक में हिस्सा लिया और अपने विचार एवं कार्यों को प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने बाद में एक्स पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं से एआइ के बारे में बात की। उन्होंने कहा, "यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने अपना विजन और काम साझा किया कि भारत कैसे एआइ की दुनिया को बदल रहा है। यह सराहनीय है कि ये स्टार्टअप ई-कामर्स, मार्केच्टग, इंजीनियच्रग सिमुलेशन, मटीरियल रिसर्च, हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और कई अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे हैं।" मोदी ने कहा, उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि सामाजिक भलाई के लिए एआइ का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। साथ ही एआइ पर काम करने वाले सभी लोगों को सरकार का समर्थन दोहराया ताकि हम 'मेड इन इंडिया, मेड फार द वर्ल्ड' की भावना को मजबूत कर सकें।

### तुर्कमान गेट बवाल

## आज जुमे की नमाज के लिए कड़े बंदोबस्त, अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी

**नई दिल्ली।**



जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों के आसपास भी बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों की कई कंपनियां तैनात रहेंगी। फैज-ए-इलाही में नगर निगम के बुलडोजर एक्शन के बाद तनाव, पुलिस फोर्स के अधिकारी और जवान गश्त करते हुए - फोटो : भूपिंदर सिंह जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस ने पूरी पुरानी दिल्ली में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों के आसपास भी बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों की कई कंपनियां तैनात रहेंगी। इधर, मध्य दिल्ली के तुर्कमान गेट में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बृहस्पतिवार को भी अभियान जारी रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण पूरी तरह साफ होने तक एरिया को बंद ही रखा जाएगा। इस दौरान पूरे इलाके में तनाव पूर्ण शांति रही। बृहस्पतिवार को भी दरगाह फैज-ए-इलाही मस्जिद के आसपास पूरे एरिया की घेराबंदी कर पुलिस ने किसी भी आम व्यक्ति को आने नहीं दिया गया है। करीब 500 मीटर एरिया में लगभग कर्फ्यू जैसे हालात रहे। खुद मध्य रेंज के संयुक्त आयुक्त मधुर वर्मा और अतिरिक्त आयुक्त निधिन वल्सन मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ मिलकर पूरे एरिया की बैरिकेडिंग की हुई है। फिलहाल आसफ अली रोड और रणजीत सिंह मार्ग पर तुर्कमान गेट जाने वाली सड़क को बंद किया हुआ है। कर्फ्यू जैसे हालात देखकर बृहस्पतिवार को भी लोग दहशत में दिखे। इन लोगों ने मीडिया से बात करने से परहेज किया। कुछ लोगों ने बिना नाम बताए नगर निगम की कार्रवाई को गलत बताया।

## ऑपरेशन सिंदूर से वेनेजुएला तक: चीनी हथियारों और रडार की लगातार विफलताएं




**नई दिल्ली।** विश्व के प्रमुख हथियार निर्यातकों में शुमार चीन को हाल के युद्धक्षेत्रों में एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। पिछले साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की चीनी वायु रक्षा प्रणालियों की नाकामी से लेकर हालिया अमेरिकी ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व में वेनेजुएला की रक्षा व्यवस्था के ध्वस्त होने तक, चीनी तकनीक दबाव में बार-बार असफल साबित हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ये घटनाएं चीन की सैन्य निर्यात की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठा रही हैं, खासकर जब अमेरिकी और भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (एह) क्षमताओं का सामना हो।

## उत्तराखंड के हर जिले में बनेंगे 2 टूरिज्म विलेज विकसित किया जाएगा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर

**देहरादून।**

प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अब हर जिले में दो ग्रामीण पर्यटन गांवों चयनित किए जाएंगे। इनका चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनने वाली टास्क फोर्स समिति करेगी। इन गांवों में पर्यटन विभाग के सहयोग से अवस्थापना सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सचिव पर्यटन धीराज गर्बयाल ने गुरुवार को उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड कार्यालय में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने



कहा कि हर जिले में जिला टास्क फोर्स समिति का गठन किया जाए। इसमें ग्रामीण विकास, आयुष, उद्यान, कृषि, सगंध पौधा केंद्र, पंचायत राज, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन आदि विभागों को शामिल किया जाए। यह समितियां अपने जिले के दो ग्रामीण पर्यटन गांवों का चयन कर प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराएगी। सचिव पर्यटन से अल्मोड़ा में कसार देवी, पिथौरागढ़ में मदकोट, नैनीताल में प्योड़ा, देहरादून में लाखामंडल को वेलनेस टूरिज्म, बागेश्वर के लीति में सामुदायिक व साहसिक पर्यटन और चमोली के घेस, उत्तरकाशी के जखोल, टिहरी के सौड़ व रुद्रप्रयाग के सारी गांवों को साहसिक पर्यटन से जोडे के निर्देश दिए।

## रेलवे के 100 कर्मियों को मिलेगा अति विशिष्ट सेवा सम्मान

**नई दिल्ली।**

भारतीय रेलवे अपने समर्पित और उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित करने जा रहा है। नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में शुक्रवार को 70वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 समारोह में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव रेलवे के सौ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को असाधारण योगदान के लिए सम्मानित करेंगे। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेलवे जोनों को 26 शील्ड भी प्रदान की जाएंगी। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए उन कर्मियों का चयन किया गया है, जिन्होंने नवाचार, परिचालन दक्षता, सुरक्षा, संरक्षा, राजस्व वृद्धि, समयबद्ध परियोजना



पूर्णता, खेल और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इनमें 17 अधिकारी-कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने नए विचार, प्रक्रियाएं और तकनीकें अपनाकर उत्पादकता बढ़ाई और खर्च में बचत सुनिश्चित की।

### सड़क हादसों पर लगेगी लगाम

## गडकरी ने पेश की वाहनों के बीच 'वायरलेस संवाद' तकनीक, ऐसे करेगी काम

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार वाहन-से-वाहन (वी2वी) संचार वायरलेस तकनीक लाने पर काम कर रही है। वी2वी संचार प्रौद्योगिकी की मदद से वाहन में एक-दूसरे से सीधे संवाद हो सकेगा, जिससे चालक को आसपास मौजूद अन्य वाहनों की गति, स्थिति, तेजी, ब्रेक लगाने की जानकारी और अचानक नजर नहीं आने वाली जगह (ब्लाइंड स्पाट) पर मौजूद वाहनों के बारे में वास्तविक समय पर अलर्ट मिलेगा। इससे चालक समय रहते आवश्यक कदम उठा सकेगा और दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। साथ ही कोहरे के दौरान कई वाहनों की एक-दूसरे से भिड़ंत भी रोकेगी। मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने बताया कि यह तकनीक अभी कुछ ही देशों में इस्तेमाल हो रही है और इस पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह तकनीक सिम कार्ड जैसी चिप के जरिये काम करेगी जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। जब किसी वाहन के बेहद नजदीक कोई अन्य वाहन आएगा तो वाहन को रियल-टाइम अलर्ट प्राप्त होगा। यह तकनीक वाहन के सभी तरफ काम करेगी। शुरूआत में इस तकनीक से



### वायरलेस तकनीक वाहन से वाहन रोकेगी सड़क हादसे

गडकरी ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की वार्षिक बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में कहा, "इस उद्देश्य से दूरसंचार विभाग के साथ एक संयुक्त कार्यबल का गठन किया गया है।

लैस उपकरण नए वाहनों में लगाए जाएंगे। फिर चरणबद्ध तरीके से सभी वाहनों में लगाए जाएंगे। गडकरी ने कहा कि सरकार सड़क इंजीनियरिंग में सुधार, कानूनों को सख्ती से लागू करने और यातायात नियमों के उल्लंघन पर दंड बढ़ाकर भी सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में हर वर्ष करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें लगभग 1.8 लाख लोगों की जान चली जाती है। इनमें से करीब 66 प्रतिशत मौतें 18 से 34 वर्ष आयु वर्ग के लोगों की होती हैं। गडकरी ने बताया कि सरकार आगामी बजट सत्र में मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन लाने की तैयारी कर रही है। प्रस्तावित 61 संशोधनों का उद्देश्य सड़क सुरक्षा में सुधार, कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देना, नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाना, गतिशीलता में सुधार करना, परिभाषाओं एवं भाषा को सरल बनाना और वैश्विक मानकों के अनुरूप कानूनों को सामंजस्यपूर्ण बनाना है।

## जम्मू से भी ठंडा हुआ बिहार

**पटना।** बर्फीली पछुआ हवा के कारण कड़ाके की ठंड और घना कोहरा से अभी राहत मिलने के आसार नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार अगले पांच दिनों तक मौसम में विशेष बदलाव के आसार नहीं है। राज्य के अधिकतर भाग घने कोहरे और कोल्ड डे की चपेट में रहेंगे। शुक्रवार को पटना सहित सभी जिलों में घना कोहरा छाए रहने के साथ कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रहेगी। गुरुवार को राज्य के गयाजी इस सीजन का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गयाजी में दो वर्षों बाद गुरुवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

## ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से अलग होने का किया एलान, भारत में है इसका मुख्यालय

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों से बाहर निकालने का फैसला किया है। इनमें संयुक्त राष्ट्र से जुड़े कई निकायों के साथ-साथ भारत-फ्रांस के नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आइएसए) भी शामिल है। ट्रंप प्रशासन ने इन संस्थाओं को अमेरिका के हितों के लिए अनावश्यक और विरोधी करार दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को 'संयुक्त राज्य अमेरिका के हितों के विपरीत अंतरराष्ट्रीय संगठनों, सम्मेलनों और संधियों से हटने' संबंधी एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए 66 यूएन और गैर-यूएन संगठनों की सदस्यता बनाए रखना, उनमें भागीदारी करना या उन्हें किसी भी प्रकार का समर्थन देना देश के हितों के



खिलाफ है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें अमेरिका की ओर से संगठनों की पूरी सूची प्राप्त हो गई है और इस पर गुरुवार को प्रतिक्रिया दी जाएगी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि अमेरिका अब उन अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को न तो फंड देगा और न ही उनमें हिस्सा लेगा, जो अमेरिकी हितों की सेवा नहीं करतीं या उनके खिलाफ काम करती हैं। भारत ने अपनाई संतुलन की रणनीति बता दें कि आइएसए का मुख्यालय गुरुग्राम में है और भारत की मंशा भविष्य में इसे तेल उत्पादक देशों के संगठन 'ओपेक' की तरह स्थापित करने की है। अमेरिका के साथ कई मुद्दों पर संवेदनशीलता को देखते हुए भारत की ओर से गुरुवार को इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। ऐसी चर्चा है कि आइएसए से अमेरिका के अलग होने का सीधा असर भारत पर होने की संभावना है।

## रामलीला मैदान का ही हिस्सा बनेगी अतिक्रमण मुक्त जमीन

**नई दिल्ली।**

तुर्कमान गेट के सामने फैज ए इलाही मस्जिद के निकट से अतिक्रमण हटाने का कार्य दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन अवैध तौर पर बनाए बैक्वेंट हॉल के विभिन्न कमरों को तोड़ा गया। इसके साथ ही मस्जिद के मुख्य गेट पास पीडब्ल्यूडी की जमीन पर 2500 वर्ग फीट और भूमि को खाली कराया गया है। यह अतिक्रमण पीडब्ल्यूडी रोड पर था तो अवैध तरीके से घेर रखा था। इसे भी हटा दिया गया है। एमसीडी के अनुसार कुल 39000 वर्ग फीट जमीन खाली कराया जाना है। तुर्कमान गेट के पास फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास से अतिक्रमण हटाने के बाद समतल होने के बाद का दृश्य। चंद्र



### फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास से उठा 250 ट्रक मलबा

प्रकाश मिश्र अधिकारियों के अनुसार अभी बड़ी मात्रा में मलबा पड़ा हुआ है। जैसे ही मलबा साफ हो जाएगा वैसे ही जमीन का माप किया जाएगा। इसके बाद यहां पर चारदिवारी की जाएगी और इस खाली कराई गई भूमि को रामलीला मैदान का हिस्सा बनाया जाएगा। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी मलबा उठाने का अभियान शुक्रवार तक चलेगा। क्योंकि मलबा काफी ज्यादा था। वहीं, स्लैब में लोहा काफी भारी मात्रा में लगा है। इसलिए स्लैब और दीवारों को तोड़ने में दिक्कत आ रही है। इसलिए बृहस्पतिवार को गैस कटर मंगाए गए हैं और स्लैब को काटने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक 250 ट्रक मलबा हटा लिया गया है। जबकि 100 ट्रक मलबा और हो सकता है इसे हम शुक्रवार की सुबह तक खत्म करने की योजना से कार्य कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि खाली कराई गई भूमि को रामलीला मैदान का हिस्सा बनाया जाएगा। इसकी चारदिवारी के लिए अधिकारियों के निर्देश आ गए हैं जैसे यह स्थान खाली हो जाएगा हम इस दिशा में कार्य कर करेंगे।

## संपादक की कलम से

# आधी रात दंगे की साजिश



ललित शर्मा
संपादक

जनवरी 6–7 की दरमियानी रात, करीब 1.30 बजे, गहरी नींद में सोने का वक्त था, लेकिन राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट में उपद्रव था, पथराव किया जा रहा था, कांच की बोतलों से भी हमले किए गए। एक उन्मादी, मजहबी और जेहादी किस्म की भीड़ थी, जो दंगा फैलाने पर आमादा लग रही थी। सिर्फ एक सफेद झूठ, मस्जिद तोड ? की अफवाह, ने भीड़ को सडकों पर उतरने को विवश किया था। एक वीडियो में एक शख्स भडका–उकसा रहा था–ह्यभाईयो! घरों से बाहर निकलने का वक्त है। अपनी दुकानें बंद करो। रात काली करो! मिलिट्री भी आ गई है। उधर कर्फ्यू लगा रखा है, ताकि मस्जिद को तोड़ा जा सके। देखो! मुसलमानों के क्या हाल किए जा रहे हैं! घरों से निकलो! हमें मस्जिद को बचाना है।सिर्फ यही नहीं, किसी जलाल इमरान ने बड़े झूठ का वीडियो जारी किया–ह्यमस्जिद तोड़ दी गई। 12 बजे से 3 बजे के बीच मस्जिद तोड़ दी गई।रिजवान पाशा ने भी सोशल मीडिया पर झूठ बोल कर दंगा भडकाने की साजिश की और मस्जिद को तोड ? की झूठी खबर फैलाई। दिल्ली पुलिस ने ऐसे करीब 100 वीडियो जारी किए जाने की बात कही है, जिनमें मस्जिद तोड ? की अफवाह फैलाई गई। सर्दी की आधी रात में पत्थर, ईंटें, कांच की बोतलें, कीलें आखिर कहां से आ गईं, यह सवाल एक बार फिर उभरा है। यही दृश्य उन इलाकों में भी सामने आया है, जो मुस्लिम बहुल थे और जहां दंगे जैसी हिंसा हुई थी। दिल्ली दंगे भी इसी पृष्ठभूमि पर भडके और फैले थे। अब तो राजधानी दिल्ली की सुरक्षा को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। ब्रह्म–सत्य सा यथार्थ यह है कि प्राचीन ह्यफैज–ए–इलाहीह्नमस्जिद पूरी तरह महफूज और सुरक्षित है। उसकी 0.195 एकड़ जमीन पूरी तरह वैध है। अलबत्ता उसके आसपास के करीब 36,400 वर्ग फुट के अवैध अतिक्रमण को, 32 बुलडोजरों और 4 क्रेन के जरिए, जरूर ध्वस्त किया गया है। मस्जिद के आसपास मिट्टी–मलबे के ढेर लगे हैं। यह दिल्ली उच्च न्यायालय का 12 नवंबर, 2025 का आदेश था और तीन माह की अवधि में अतिक्रमण ढहाए जाने थे। तुर्कमान गेट मुस्लिम–बहुल, संकरा, घनी आबादी वाला इलाका है, लिहाजा रात के वक्त ऑपरेशन करने का फैसला लिया गया। इलाके के दुकानदारों, ठेले–पटरीवालों से बातचीत कर पुलिस ने उन्हें सचेत और आगाह कर दिया था। बुनियादी मुद्दा अतिक्रमण और मजहब के बीच ऊंची दीवारें खड़ी हैं। वक्फ के खोखले, अवैध, दस्तावेजहीन दावे ह्यआग में घीका काम करते हैं। जब अफवाहें फैलाई जा रही थीं और भीड़ सडक पर उतर आई थी, तब सपा के रामपुर सांसद मोहिबुल्ला नदवी उस इलाके में क्या कर रहे थे? क्या उन्होंने भी भीड़ को उकसाने का संबोधन दिया था? पुलिस उनसे भी सवाल–जवाब करेगी। बेशक आरोपितों और संदिग्धों की धरपकड़ की गई है, फर्जी वीडियो जारी करने वालों की भी पहचान की जा रही है, लेकिन चिंता यह है कि कट्टरपंथ और जेहादी मानसिकता को कैसे समझाया जाए? आधी रात में लगभग दंगे के हालात बन गए थे। पथराव से अर्द्धसैन्य बल और पुलिस के जवान घायल हुए हैं। वे अस्पताल में उपचाराधीन हैं। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। हकीकत यह थी और आज भी है कि प्राचीन मस्जिद को उंगली तक नहीं लगाई गई। वहां से जामा मस्जिद तक के बीच करीब 10–12 छोटी मस्जिदें हैं, उन्हें भी खरोंच तक नहीं आई है। दरअसल राजधानी दिल्ली और देश में अवैध कब्जे और अतिक्रमण शाश्वत हो गए हैं। वे एक विकराल समस्या के तौर पर सामने हैं। भारत में 4 लाख से अधिक मस्जिदें हैं। उनसे अधिक करीब 8 लाख मस्जिदें इंडोनेशिया में ही हैं। यदि देश धर्मनिरपेक्ष न होता, तो क्या इतनी मस्जिदें देश में संभव थीं? वक्फ की बात करें, तो दिल्ली में ही उसकी 1047 संपत्तियां हैं।

# भूख से मुक्ति का राष्ट्रीय संकल्प है अटल कैंटीन योजना



भूख केवल एक शारीरिक पीड़ा नहीं है, वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक कुंठा और नैतिक विचलन की जननी भी है। इतिहास साक्षी है कि जब पेट खाली होता है, तो विचार उग्र हो जाते हैं, व्यवस्था के प्रति विश्वास डगमगाने लगता है और विद्रोह की भावना पनपती है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे पहली जिम्मेदारी यह होती है कि उसका कोई भी नागरिक भूखा न रहे। इसी बुनियादी और मानवीय सोच के साथ दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा शुरू की गई रुपये 5 में भोजन उपलब्ध कराने की ह्यअटल कैंटीन योजनाह्न निस्संदेह एक दूरदर्शी, करुणामय, मानवीय और जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना का उद्देश्य अत्यंत स्पष्ट और मानवीय है कि दिल्ली में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। राजधानी जैसे महानगर में, जहाँ एक ओर समृद्धि और चमक-दमक है, वहीं दूसरी ओर असंगठित श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शाचालक, ठेला-पटरी वाले, घरेलू कामगार और बेघर लोग भी बड़ी संख्या में रहते हैं। इनके लिए दो वक्त का सम्मानजनक और पौष्टिक भोजन आज भी एक चुनौती बना हुआ है। अटल कैंटीन योजना इन्हीं वर्गों के लिए जीवनरेखा बनकर सामने आई है, जो ह्यसंकल्प से सिद्धिह्न के लक्ष्य को दशार्ता है और इसे देश में भोजन सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस योजना का शुभारंभ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर किया जाना केवल एक औपचारिक तिथि चयन नहीं, बल्कि एक वैचारिक निरंतरता का प्रतीक है। अटलजी का संपूर्ण राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन अंत्योदय अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के विचार से प्रेरित रहा। वर्ष 2000 में शुरू की गई अंत्योदय अन्न योजना ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अटलजी के लिए गरीब केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि नीति का केंद्र था। उस योजना के अंतर्गत अत्यंत गरीब परिवारों को रियायती दरों पर अनाज उपलब्ध कराया गया, जिससे करोड़ों लोगों को भुखमरी से राहत मिली। अटल कैंटीन योजना उसी सोच का आधुनिक शहरी संस्करण है, जहाँ अनाज के बजाय तैयार, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन सीधे थाली में परोसा जा रहा है। यह नीतिगत निरंतरता इस बात का प्रमाण है कि सुशासन केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि संवेदनशील क्रियान्वयन से साकार होता है। अटल कैंटीन में भोजन की कीमत रुपये 5 रखी गई है, जबकि सरकार प्रत्येक थाली पर रुपये 25 की सब्सिडी दे रही है। यह मूल्य निर्धारण अत्यंत सोच-समझकर किया गया है। भोजन पूरी तरह मुफ्त न देकर एक न्यूनतम राशि तय करने का उद्देश्य यह है कि भोजन की कद्र बनी रहे और लाभार्थी इसे भीख नहीं, बल्कि अधिकार और सम्मान के रूप में ग्रहण करे। यह नीति सामाजिक मनोविज्ञान को समझने का उत्कृष्ट उदाहरण है। रेखा गुप्ता सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए जिस संवेदनशीलता, निर्णय क्षमता और प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया है, वह उनके प्रभावी राजनीतिक नेतृत्व को रेखांकित करता है; अटल कैंटीन जैसी योजनाएँ बताती हैं कि वे शासन को सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम मानती हैं। किंतु सर्दी के इस कठोर मौसम में दिल्ली की सड़कों, फुटपाथों और फ्लाईओवरों के नीचे ठिठुरती रातें काटने को विवश गरीब और बेघर लोगों के लिए केवल मौसमी रैन-बसेरे पर्याप्त नहीं हैं, आवश्यकता एक स्थायी, समन्वित और मानवीय शीत-रक्षा योजना की है, जिसमें अस्थायी आश्रय के साथ गरम वस्त्र, पौष्टिक भोजन, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा और पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था हो, ताकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी की सड़कों पर कोई भी व्यक्ति सर्द रात में बेसहारा और अदृश्य न रहे; ऐसा कदम न केवल प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रमाण होगा, बल्कि लोकतंत्र की नैतिक जिम्मेदारी का भी सशक्त निर्वाह बनेगा। महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि उपलब्ध कराया जा रहा भोजन पोषण मानकों के अनुरूप है। भोजन की



ललित गर्ग

गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एफएसएसएआई मानकों का पालन किया जाता है, जिसमें प्रति थाली 700-800 कैलोरी और 20-25 ग्राम प्रोटीन होता है। डिजिटल टोकन, सीसीटीवी और निगरानी के साथ पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है। प्रत्येक कैंटीन प्रतिदिन लगभग 1000 लोगों को भोजन परोसने की क्षमता रखी है, और 100 कैंटीन खोलने का लक्ष्य है। दाल, सब्जी, रोटी/चावल जैसे संतुलित आहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें आरओ वाटर एवं अचार आदि भी परोसा जा रहा है ताकि यह योजना केवल पेट भरने तक सीमित न रहकर स्वास्थ्य सुधार में भी योगदान दे सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीबों और निम्न आय वर्ग के लिए मुफ्त एवं रियायती अनाज योजनाएँ लगातार संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी पहलों ने संकट काल में करोड़ों परिवारों को राहत दी है। इन योजनाओं का मूल दर्शन यही है कि भूखा नागरिक न आत्मनिर्भर बन सकता है और न ही राष्ट्रनिर्माण में भागीदार। रेखा गुप्ता सरकार की अटल कैंटीन योजना इन राष्ट्रीय प्रयासों के साथ सामंजस्य स्थापित करती है। यह दशार्ती है कि केंद्र और राज्य, यदि समान मानवीय दृष्टि से काम करें, तो सामाजिक समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से संभव है। समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र दोनों ही इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि भुखमरी और अपराध के बीच गहरा संबंध होता है। जब व्यक्ति की मूल आवश्यकताएँ पूरी नहीं होतीं, तो वह व्यवस्था के प्रति विद्रोही दृष्टिकोण अपनाने लगता है। यही कारण है कि अनेक महान नेताओं ने यह कहा है कि गरीब को पहले रोटी दो, उपदेश बाद में। भूखे को खिलाना किसी प्रकार का राजनीतिक प्रलोभन नहीं है। यह सच्ची राष्ट्रभक्ति, मानवीय कर्तव्य और सामाजिक सुरक्षा का आधार है। अटल कैंटीन जैसी योजनाएँ अपराध को नियंत्रित करने, सामाजिक असंतोष को कम करने और लोकतंत्र में विश्वास को मजबूत करने का कार्य करती हैं। हालाँकि, किसी भी जनकल्याणकारी योजना की सफलता केवल उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके पारदर्शी, निगरानी और ईमानदार क्रियान्वयन से तय होती है। यह अत्यंत आवश्यक है कि अटल कैंटीन योजना को भ्रष्टाचार, अपव्यय और लापरवाही से पूरी तरह मुक्त रखा जाए। खाद्य सामग्री की खरीद, भोजन की गुणवत्ता, लाभार्थियों की पहुँच, वित्तीय प्रबंधन और संचालन व्यवस्था-हर स्तर पर सख्त निगरानी, नियमित ऑडिट और सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि इस योजना में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार प्रवेश करता है, तो वह न केवल सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होगा, बल्कि गरीब के विश्वास के साथ भी विश्वासघात होगा।

दिल्ली की यह पहल देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकती है। शहरीकरण के इस दौर में लगभग हर बड़े शहर में श्रमिक और निम्न आय वर्ग भोजन संकट से जूझ रहा है।

यदि प्रत्येक राज्य अपनी परिस्थितियों के अनुसार ऐसी योजनाएँ विकसित करे, तो देश से भुखमरी को काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है। यह समझना आवश्यक है कि ऐसी योजनाएँ खर्च नहीं, बल्कि सामाजिक निवेश हैं। यह निवेश समाज को स्थिरता, शांति और विश्वास लौटाता है। अंततः रुपये 5 की थाली केवल भोजन नहीं है। यह करुणा, गरिमा और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति है। यह अटल बिहारी वाजपेयी की अंत्योदय सोच और नरेन्द्र मोदी के वर्तमान नेतृत्व की मानवीय दृष्टि का सार्थक संगम है। रेखा गुप्ता सरकार की यह पहल यह संदेश देती है कि सुशासन वही है, जो सबसे पहले सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुँचे। यदि इस योजना को पारदर्शिता, ईमानदारी और निरंतरता के साथ आगे बढ़ाया गया, तो यह न केवल दिल्ली, बल्कि पूरे देश के लिए भूख-मुक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध होगी।

## कविता

### हताश मन

मोनिका डागा



चुभती है शूल सी दर्द भरी सर्द रातें,
किसको कहें हम अपनी सारी बातें,
जिंदगी का वो सुकून सारा है खोया,
उदास मन भीतर ही भीतर घंटों रोया ।

तिनका–तिनका हुए सुनहरे ख़्वाब सारे,
देखे थे जो मिलकर हमने संग में तुम्हारे,
तकदीर में नहीं लिखा था अपना मिलना,
बाहर सर्द मौसम और भीतर यूँ जलना ।

सूख गई मन की ₹आनंद₹ मधुमय धारा,
जीवन ने हमें दिया पीने को जहर खारा,
जिंदगी कहती कॉटों में ही गुलाब खिलते,
बिछुड़ने वाले फिर उस तरह नहीं मिलते ।

पर संभाले किस तरह इस हताश मन को,
ये समझना ही नहीं चाहता नए जीवन को,
अकेलेपन ने रातों को किया लम्बा बहुत,
हो गई अब से जिंदगी उबाऊ और सुस्त ।

# हिंदी:भारत की आत्मा से विश्व मंच तक- भाषा, संस्कृति,पहचान और वैचारिक स्वतंत्रता का वैश्विक विमर्श



गोंदिया




वैश्विक स्तरपर भारत की सबसे बड़ी पहचान उसकी भाषाई,सांस्कृतिक और वैचारिक विविधता में निहित है।विश्व के किसी भी देश में इतनी भाषाएँ, बोलियाँ परंपराएँ व सांस्कृतिक अभिव्यक्तियाँ एक साथ सह- अस्तित्व में नहीं पाई जातीं। इस विविधता के महासागर में यदि कोई एक सूत्र है,जो भारत को भावनात्मक, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तरपर जोड़ता है, तो वह है हिंदी भाषा। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं,बल्कि भारत की सामूहिक चेतना,स्मृति और संस्कृति की संवाहक है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हिंदीः केवल भाषा नहीं, भावनात्मक सेतु हैं,हिंदी भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है परंतु इसकी शक्ति केवल संख्या में नहीं,बल्कि संवेदना,आत्मीयता और भावाभिव्यक्ति में निहित है। हिंदी वह भाषा है, जिसमें प्रेम भी सरल है, पीड़ा भी सहज है और प्रतिरोध भी स्वाभाविक।जहाँ कई भाषाएँ औपचारिक संवाद तक सीमित रहती हैं,वहीं हिंदी व्यक्ति के हृदय से सीधे संवाद करती है। यही कारण है कि ग्रामीण भारत से लेकर शहरी महानगरों तक, साहित्य से लेकर सिनेमा तक और राजनीति से लेकर जनआंदोलनों तक हिंदी की भूमिका केंद्रीय बनी हुई है।इसी ऐतिहासिक सांस्कृतिक और वैश्विक महत्व के कारण हिंदी के सम्मान और प्रचार-प्रसार हेतु विशेष दिवस समर्पित किए गए हैं, 14 सितंबर (राष्ट्रीय हिंदी दिवस)और 10 जनवरी (विश्व हिंदी दिवस)।भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया था।यह निर्णय केवल प्रशासनिक नहीं था,बल्कि यह उस ऐतिहासिक संघर्ष और सांस्कृतिक चेतना का परिणाम था, जिसने औपनिवेशिक शासन की भाषाई विरासत से बाहर निकलकर भारतीय भाषाओं को केंद्र में लाने का प्रयास किया।वहीं 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है,जिसका उद्देश्य हिंदी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा दिलाना, वैश्विक संवाद की भाषा के रूप में स्थापित करना और यह दशार्ना है कि हिंदी केवल भारत तक सीमित नहीं,बल्कि एक वैश्विक भाषा बन चुकी है। यह दिवस भारत की सॉफ्ट पावर, सांस्कृतिक कूटनीति और वैश्विक पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। साथियों बात अगर हम डिजिटल युग में हिंदीः विरासत से भविष्य की तकनीक तक इसको समझने की करें तोआज का युग डिजिटल क्रांति,कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग और वैश्विक संचार का युग है। लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि तकनीक केवल अंग्रेजी या कुछ चुनिंदा भाषाओं तक सीमित रहेगी, लेकिन हिंदी ने इस धारणा को तोड़ दिया है।आज हिंदीःसोशल मीडिया की सबसे सक्रिय भाषाओं में से एक है,डिजिटल समाचार, ब्लॉग, पॉडकास्ट और यूट्यूब कंटेंट की प्रमुख भाषा बन चुकी है।एआई आधारित अनुवाद वॉइस असिस्टेंट और चैटबॉट में तेजी से अपनाई जा रही है।हिंदी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह पारंपरिक ज्ञान से लेकर अत्याधुनिक तकनीक तक समान रूप से सक्षम है। यही कारण है कि विश्व हिंदी दिवस का एक प्रमुख उद्देश्य डिजिटल युग में हिंदी की प्रासंगिकता और क्षमता को रेखांकित करना है। साथियों बात अगर हम अंग्रेजी बनाम हिंदी : आजादी के 75 वर्ष बाद भी वैचारिक गुलामी ?इसको समझने की करें तो 1947 में भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की, लेकिन आज भी एक गंभीर प्रश्न हमारे सामने खड़ाहै, क्या हम वैचारिक रूप से स्वतंत्र हो पाए हैं ?विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर यह प्रश्न और भी प्रासंगिक हो जाता है कि क्या आज भी अंग्रेजी बोलना सामाजिक प्रतिष्ठा और आधुनिकता का प्रतीक बना हुआ है? आज अनेक माता- पिता गर्व से यह दिखाना चाहते हैं कि उनका बच्चा कितनी धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलता है। छोटी उम्र से अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाना और हिंदी से दूरी बनाना कहीं न कहीं मानसिक उपनिवेशवाद का प्रतीक है। हमें अन्य भाषाओं से प्रतिस्पर्धा नहीं,संतुलन की आवश्यकता हैं। यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह विमर्श अंग्रेजी या किसी अन्य भाषा के विरोध का नहीं, बल्कि हिंदी के आत्मसम्मान का है। अंग्रेजी वैश्विक संपर्क की भाषा है, परंतु हिंदी हमारी पहचान की भाषा है।यदि हम बच्चों को केवल अंग्रेजी में सोचने और सपने देखने के लिए प्रशिक्षित करेंगे, तो वे अपनी जड़ों से कटते चले जाएंगे। समय आ गया है किः हिंदी को शिक्षा, तकनीक और प्रशासन में समान महत्व दिया जाए,बच्चों को हिंदी बोलने, लिखने और सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाए हिंदी को कमतर समझने की मानसिकता को समाप्त किया जाए।भारत में लगभग 1500 से अधिक भाषाएँ और बोलियाँ हैं, जिनमें से अनेक विलुप्ति के कगार पर हैं।

यह संकट केवल भाषाई नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक भी है।हिंदी का सशक्तिकरण तभी सार्थक होगा, जब वह अन्य भारतीय भाषाओं के साथ सह- अस्तित्व और सम्मान के सिद्धांत पर आगे बढ़े।हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में सशक्त बनाते हुए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत की भाषाई विविधता सुरक्षित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कोहरा, रफ्तार और लापरवाही ने छीनी पांच जिंदगियां


चरन सिंह (ब्यूरो बरेली)



**बरेली।** गुरुवार की सुबह बरेली के लिए मनहूस साबित हुई। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो भीषण सड़क हादसों ने छह जिंदगियां लील लीं। कहीं रोजी-रोटी की तलाश में निकले मजदूर डंपर की चपेट में आ गए, तो कहीं एक पिता अपने दो जवान बेटों के साथ काम पर जाते समय मौत के मुंह में समा गया। दोनों घटनाओं के बाद इलाके में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रिठौरा कस्बे में शुक्रवार सुबह राजश्री पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि ई-रिक्शा डंपर के नीचे आकर पूरी तरह चकनाचूर हो गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के यासीननगर निवासी ई-रिक्शा चालक हाशिम पुत्र आजाद हुसैन अपने वाहन से भोजीपुरा के गांव लाड़पुर जा रहा था। उसके साथ रिछोला गांव के सलीम, नसरुद्दीन और रहीसद्दीन उर्फ मंझले सवार थे। सभी लोग नल की बोरिंग का काम करने जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा रिठौरा में पहुंचा, यू-टर्न ले रहे डंपर ने उसे बुरी तरह कुचल दिया। हादसे में चालक हाशिम व सलीम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नसरुद्दीन और रहीसद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देखकर फूट-फूटकर रो पड़े। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटनास्थल पर सड़क निर्माण चल रहा है और सुबह घना कोहरा भी था। डंपर चालक हादसे के बाद वाहन लेकर फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। दूसरी घटना देवरनियां थाना क्षेत्र की है, जहां गुरुवार तड़के मजदूरी पर निकले एक पिता और उसके दो बेटों की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। इटौआ गांव निवासी 55 वर्षीय पप्पू अपने बेटों विशाल (15) और विवेक (20) के साथ सुबह करीब छह बजे बाइक से किच्छा की ओर जा रहे थे। गुडवर गांव के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। पप्पू छह बच्चों का पेट पालने के लिए रोज मजदूरी करता था। एक झटके में परिवार की पूरी दुनिया उजड़ गई। पत्नी शीला का रो-रोकर बुरा हाल है, घर में मातम पसरा हुआ है। यहां भी ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के समय कोहरा घना था, जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया। लगातार हो रहे इन हादसों ने सड़क सुरक्षा, भारी वाहनों की रफ्तार और निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ गरीब मजदूर रोजी-रोटी की तलाश में घर से निकलते हैं, तो दूसरी तरफ तेज रफ्तार और लापरवाही उन्हें घर लौटने का मौका तक नहीं देती। पुलिस ने दोनों मामलों में शवों को पोस्टमार्टम भेजकर जांच शुरू कर दी है और फरार चालकों की तलाश जारी है। मगर पीछे रह गए परिवारों के लिए यह हादसे नहीं, जिंदगी भर का दर्द बन गए हैं।

# शिवम राजपूत का आईआईटी रिसर्च के लिए हुआ चयन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद ग्राम बरमपुर के होनहार छात्र शिवम राजपूत ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। शिवम का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी में रिसर्च के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से जिला व गांव में गर्व और उत्साह का माहौल है। नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम बरमपुर निवासी मनोज कुमार के पुत्र शिवम राजपूत का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान आई आईटी में रिसर्च के लिए हुआ है। शिवम राजपूत ने शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2019 में 10वीं कक्षा में टॉपर बनकर अपनी मेधा का परिचय दिया। इसके बाद एमडीएस कॉलेज, नजीबाबाद से 2021 में 12वीं कक्षा में भी टॉप कर उन्होंने सफलता की परंपरा को आगे बढ़ाया। 12वीं के बाद शिवम ने हरियाणा सरकार के इंजीनियरिंग कॉलेज से बी-टेक की पढ़ाई पूरी की। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है। कि आज उनका चयन आईआईटी में रिसर्च के लिए हुआ है, जो किसी भी छात्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। शिवम राजपूत की इस बड़ी सफलता पर गांव, परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। शिवम राजपूत की यह उपलब्धि साबित करती है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि मेहनत ही सफलता की असली कुंजी है।

# बुजुर्ग दम्पत्ति से ठगी करने वालों को पुलिस ने दबोचा



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नहटौर बुजुर्ग दम्पत्ति से ठगी करने वाले दो आरोपियों को दबोचकर पुलिस ने नगदी व कुंडल बरामद करते हुए चालान कर दिया है। इससे पूर्व में इसी तरह की घटना को आरोपियों ने अंजाम दिया था। ज्ञात हो कि गत 6 जनवरी को गांव तापरोला निवासी बुजुर्ग दम्पत्ति उदल सिंह उसकी पत्नी उर्मिला देवी बैंक से 15 हजार रुपये निकालकर बैंक से बाहर निकले थे। बुजुर्ग ने 10 हजार अपने थैले में तथा 5 हजार रुपये अपनी जेब में रख लिए थे। बताया जाता है कि उसी दौरान दो युवक उनके पास आये कुछ रिश्तेदारी की बाते करते हुए दस हजार रुपये व बुजुर्ग महिला के कानों के कुंडल ठगी करके ले गए थे। मामले की सूचना बुजुर्ग दम्पत्ति ने थाने पहुंचकर दी। जिस पर तत्काल थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की जांच कराते हुए घटना की जानकारी ली थी। इसके अलावा 2 जनवरी को भी रामपाल व उनकी पत्नी निवासी ग्राम जलालपुर से दो युवकों ने उन्हें बातों में लगाकर 14 हजार रूपए नकद व कानों के कुंडल ठग कर ले गए थे। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस के अनुसार बुधवार को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को दबोच लिया और थाने ले आयी। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम अहसान पुत्र जाबुदीन ग्राम मोरना थाना नूरपुर व दिलशाद पुत्र शकूर ग्राम बुढपुर थाना नहटौर बताया। पुलिस ने उनके पास से 10 हजार नगद एक जोड़ी कुंडल बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों का सम्बन्धित धारा में चालान कर दिया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राकेश मोहन, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार, विकास कुमार, विक्रांत राणा आदि मौजूद रहे। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि पकड़े गए अहसान व दिलशाद दोनों पर लगभग आधा दर्जन के करीब पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं दोनों का आपराधिक इतिहास है।

# गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान : अनिल वर्मा

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चांदपुर।** शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में स्थानीय गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित यातायात के प्रति संकल्पबद्ध किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। ?इस कार्यक्रम का कुशल आयोजन सन्नी कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदिता राजपूत व मोहम्मद आरिफ के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश, डॉ. साजिद अंसारी, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, मौ सलीम, अरविंद कुमार आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# पिकअप और ट्रक की टक्कर में दो की मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नहटौर थाना क्षेत्र के नूरपुर मार्ग पर गांव आंकू और खंडसाल के बीच बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पिकअप वाहन मालिक और चालक की मौत हो गई। दोनों डेयरी से दूध सप्लाई करके लौट रहे थे। हादसे से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम इलाइचीपुर खड़कू उर्फ सिकेड़ा निवासी नितिन कुमार चौधरी (32 वर्ष, पुत्र अशोक) और ऋतिक उर्फ गोलू कश्यप (22 वर्ष, पुत्र धर्मपाल) दूध की सप्लाई के लिए गए थे। गांव बरूकी से सिकेड़ा निवासी नितिन चौधरी पिकअप वाहन के मालिक थे, जबकि गोलू चालक था दोनों नूरपुर धौकलपुर डेयरी में दूध सप्लाई करके बुधवार रात करीब 11 बजे वापस लौट रहे थे। नूरपुर मार्ग पर आंकू और खंडसाल गांवों के बीच अचानक उनके पिकअप वाहन की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पिकअप वाहन गांव की डेयरी से दूध एकत्रित कर प्लांट में सप्लाई का काम करता था। खास बात यह है कि नितिन चौधरी के बेटे का जन्मदिन भी था। परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन यह हादसा होने से खुशियां मातम में बदल गई। दोनों की मौत की खबर मिलते ही गांव में गमगीन माहौल छा गया।

# विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अवनी सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा विकास भवन सभागार कक्ष बिजनौर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई में लगभग 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में 20 महिलाओं द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्रों के माध्यम से माननीय सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को महिला आयोग की सदस्य द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सौरभ सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल सिंह चौबे, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, रविता राठी डी एम सी, आशु सिंह, अनीता, शुभम, महिमा आदि के द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है। सरकारी योजनाओं के पंपलेट वितरण भी किया गया। महिला आयोग की सदस्य द्वारा जिला अस्पताल बिजनौर एवं जिला कारागार बिजनौर का निरीक्षण किया गया एवं छोटे बच्चों को अन्नप्राशन महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

# बरेली पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, पीएचसी का लिया जायजा, दिवंगत फरीदपुर विधायक के परिवार को बंधाया ढांढस

चरन सिंह (ब्यूरो बरेली)



**बरेली।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरुवार को बरेली दौरे पर पहुंचे। दोपहर करीब डेढ़ बजे वह बरेली एयरपोर्ट पर उतरे। यहां से वह सीधे इज्जतनगर के पीरबहोड़ा स्थित अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। पीएचसी पहुंचते ही उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत कर हालचाल जाना। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने ओपीडी, दवा काउंटर और जांच कक्षों को देखा। उन्होंने साफ-सफाई और स्टाफ की मौजूदगी पर भी ध्यान दिया। कुछ व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए और इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीएचसी निरीक्षण के बाद उप मुख्यमंत्री पीलीभीत बाईपास रोड पर शक्तिनगर कॉलोनी में स्वर्गीय फरीदपुर विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के आवास पर गए। उन्होंने दिवंगत विधायक के परिजनों से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल एक सादगीपूर्ण और जनसेवा के लिए समर्पित जनप्रतिनिधि थे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक अनुभवी और लोकप्रिय नेता खो दिया है। परिवार के सदस्यों से बातचीत के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने दिवंगत विधायक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कुछ देर तक परिवार के साथ बैठकर उनकी स्मृतियों को साझा किया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा करते हैं- मौलाना डॉक्टर फुरकान

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर देश-दुनिया में मानवाधिकारों को लेकर लगातार आवाज उठती रही है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों की घटनाएं लगातार चिंता बढ़ा रही हैं। इन्हीं घटनाओं को लेकर बिजनौर के इस्लामिक विद्वान और सामाजिक चिंतक डॉक्टर मौलाना फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचारों को न केवल दुर्भाग्यपूर्ण बताया, बल्कि इसे मानवता को शर्मसार करने की हरकत करार दिया डॉक्टर मौलाना फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने कहा कि किसी भी देश में रहने वाले नागरिकों के साथ जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव करना या उन पर अत्याचार करना किसी भी सभ्य समाज और किसी भी देश के कानून में स्वीकार्य नहीं है उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चाहे वह हिंदू हों, मुस्लिम हों, सिख हों या ईसाई हर नागरिक को समान अधिकार, सुरक्षा और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर किसी समुदाय को निशाना बनाना न केवल उस देश की सामाजिक संरचना को कमजोर करता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उस देश की छवि को नुकसान पहुंचाता है। मौलाना फुरकान ने कहा कि इस्लाम भी किसी निर्दोष पर अत्याचार की इजाजत नहीं देता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना हर इंसान की जिम्मेदारी है। ऐसे में बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित हमले, संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना, जबरन पलायन जैसी घटनाएं सीधे तौर पर कानून और मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार का पहला कर्तव्य अपने नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा करना होता है यदि किसी समुदाय को असुरक्षा का माहौल महसूस हो रहा है, तो यह उस देश की शासन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है डॉक्टर मौलाना फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने अपने देश भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से भी इस मुद्दे पर गंभीर हस्तक्षेप करने की अपील की।

# बरेली की मशहूर नमकीन फैक्ट्री पर सीजीएसटी का साइलेंट अटैक

सुनील गुप्ता (सिटी रिपोर्टर)



**बरेली।** बरेली के औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में बुधवार दोपहर सेंट्रल जीएसटी (सीजीएसटी) की टीम ने नमकीन और सोया उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री पर अचानक छापा मारकर हड़कंप मचा दिया। दिल्ली से आई टीम ने दोपहर करीब एक बजे कार्रवाई शुरू की, जो देर रात तक चलती रही। टीम के फैक्ट्री पहुंचते ही मुख्य गेट बंद करा दिया गया। इसके बाद खरीद-बिक्री से जुड़े सभी दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर गहन जांच शुरू की गई। छानबीन के दौरान न तो किसी को बाहर जाने दिया गया और न ही किसी को अंदर प्रवेश मिला। छापेमारी के दौरान सीजीएसटी अधिकारियों ने फैक्ट्री के गोदाम में रखे माल का रिकॉर्ड से मिलान किया। जांच को और व्यापक बनाने के लिए एक टीम फैक्ट्री ओनर के राजेंद्र नगर स्थित आवास पर भी पहुंची, जहां आवश्यक दस्तावेज खंगाले गए। लैपटॉप और हार्ड डिस्क जांच के लिए कब्जे में ली गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, सीजीएसटी टीम देर रात तक फैक्ट्री परिसर में दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल करती रही। हालांकि कार्रवाई में अब तक क्या अनियमितताएं सामने आईं, इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। परसाखेड़ा में छापेमारी की खबर फैलते ही आसपास के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में खलबली मच गई, कई इकाइयों ने एहतियातन समय से पहले ही अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। सीजीएसटी की इस अचानक और सख्त कार्रवाई ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र में हलचल पैदा कर दी है, वहीं कारोबारियों की निगाहें अब आधिकारिक खुलासे पर टिकी हैं।

# एसएसपी द्वारा पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में सभी कोर्ट मोहर्रिर के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी




बुलंदशहर गुरुवार शाम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ अभियान के अन्तर्गत न्यायिक कार्यवाहियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सभी कोर्ट मोहर्रिर के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के दौरान द्वारा विचाराधीन अभियोगों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने, समय से साक्ष्य व गवाहों की न्यायालय में उपस्थिति, अभियोगों से संबंधित अभिलेखों का अद्यतन रख-रखाव तथा अभियोजन पक्ष से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक दोषसिद्धि सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री नरेश कुमार एवं प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक यशपाल सिंह मौजूद रहे। इसके उपरान्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण/भ्रमण किया गया तथा पुलिस लाइन में आवासीय परिसर, रेडियो शाखा, स्वाट टीम देहात कार्यालय तथा बैरिको आदि को चैक किया गया तथा सम्बन्धित को परिसर को स्वच्छ रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के संबंध में जिला महिला अस्पताल, जिला अस्पताल सहित जनपद की समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य इकाइयों में लाभार्थियों को देय भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आमजन को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई जिसमें शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने एवं टीकाकरण से संबंधित समस्त रिकॉर्ड ऑनलाइन अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। मातृ एवं शिशु के स्वास्थ्य हेतु गर्भवती महिलाओं की समुचित देखभाल, नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा शिशु मृत्यु दर में कमी लाने पर बल दिया गया। बैठक में टीबी एवं अन्य बीमारियाँ पर समीक्षा की गई। टीबी जांच को बढ़ावा देने, मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू एवं चिकनगुनिया के प्रति सतर्कता बरतने तथा समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को भी निर्देशित किया कि जिला अस्पतालों में सीटी/एमआरआई जैसी सुविधाएं प्रारंभ करे। चिकित्सीय उपकरणों एवं आवश्यक दवाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी/सीएचसी) में उपचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से अन्यत्र न भटकना पड़े।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राधावल्लभ, सीएमएस जिला अस्पताल नीरज अग्रवाल सहित एसीएमओ उपस्थित रहे।

## पैथालॉजी सेंटर को स्वास्थ्य विभाग ने किया सील

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमएम त्रिपाठी की अगुवाई में उसका बाजार में चल रहे एक पैथालॉजी और एक क्लीनिक की जांच की गई।डॉ. एमएम त्रिपाठी, एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य, नायब तहसीलदार अमित सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. एसके पटेल उसका बाजार में बालाजी के नाम से संचालित पैथालॉजी पर पहुंचे आवश्यक पेपर नहीं दिखाने के कारण पैथालॉजी को तत्काल सील कर दिया।इसी तरह शिफा क्लीनिक पर पहुंच डॉक्टर से मरीज देखने के बारे में जानकारी ली। समुचित जवाब न मिलने पर डॉक्टर को प्रैक्टिस करने के संबंध में नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिली थी।

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का आयुष मंत्री के गांव सिधौना में हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी



**वाराणसी मिजार्मुराद।** गाजीपुर जनपद के सिधौना में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रथम आगमन पर आयुष राज्य मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु के पैतृक गांव स्थित सिधैना बाजार में युवा समाजसेवी और ब्रह्मराष्ट्र एकम् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री उपेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। पंकज चौधरी के आगमन पर जय श्री राम और भाजपा जिंदाबाद, मोदी - योगी जिंदाबाद के नारों से पूरा बाजार गूंज उठा। उक्त आयोजन आयुष राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु के निर्देशन में किया गया जिसमें स्थानीय भाजपा कार्यकताओं नें उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए गर्मजोशी से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम की जानकारी पत्रकार पंकज सीबी मिश्रा को देते हुए, युवा भाजपा नेता और कार्यक्रम आयोजक उपेंद्रनाथ मिश्र नें बताया कि यह कार्यक्रम यूपी सरकार के मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्रा दयालु के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया, जिसमें संगठन की एकता, अनुशासन और कार्यकताओं के जोश का सुंदर प्रदर्शन देखने को मिला। इस सफल आयोजन ने पार्टी की जनप्रियता और कार्यकताओं की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सैदपुर पूर्वी विजय यादव, राधा विनोद तिवारी, कमलेश सिंह पिंटू, श्रवण कुमार मिश्र, लव प्रकाश सिंह, पंकज कुमार मिश्र, अरविंद गुप्ता, लोढ़ू यादव, करुणा शंकर मिश्र, अखिलेश मिश्र, सत्यम गोड, एवं सैकड़ो युवा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप


### डीएम ने नपा सिद्धार्थनगर के पानी की टंकी एवं पम्प हाउस का किया निरीक्षण



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नगर पालिका सिद्धार्थनगर के पूरब पड़ाव एवं परशुराम नगर वार्ड नम्बर 07 में पानी की टंकी एवं पम्प हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूरब पड़ाव में पाइप लाइन में लीकेज पाया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर को तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। इसे माध्यम से 06 मोहल्लों में पानी की सप्लाई होती है। पानी की सप्लाई हो रही थी। कस्टम आफिस में सप्लाई हो रही पानी की जांच की गयी गुणवत्ता ठीक पाया गया। परशुराम नगर वार्ड नम्बर 07 में पानी की टंकी की साफ सफाई हो रही थी।


### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित बीआईसीटी कैंपस में क्षेत्र के माध्यमिक एवं इंटर में पढ़ रहे छात्रों के लिए एक सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9, 10 व 11 के विद्यार्थियो ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जूनियर और सीनियर स्तर की आयोजित इस प्रतियोगिता में सर्वोदय इंटर कालेज डोकम अमया, गंगाधर दुबे इंटर कॉलेज पोखर भिटवा व संत मौनी दास इंटर कॉलेज रमवापुर के कुल 4 सौ छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता परीक्षा में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए भाग लिया। इस दौरान बीआईसीटी कैंपस के निदेशक आकाश मिश्रा ने कहा कि प्रतियोगिता का परिणाम 8 फरवरी दिन रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के द्वारा घोषित किया जाएगा। इस मौके पर शिक्षक शिवेश, शिवा पाण्डेय, मोहम्मद इस्लाम आदि मौजूद रहें।

### भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**वाराणसी मिजार्मुराद ।** भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री माननीय पंकज चौधरी के प्रथम काशी आगमन पर बुधवार की रात चौबेपुर में भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश उर्फ अखंड प्रताप सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया।हर-हर महादेव के जयकारे लगने के साथ ही गुलाब की पंखुड़िया उड़ाई गयी। इस अवसर पर चन्द्रशेखर सिंह, विनय सिंह 'हिटलर', श्वेतांक तिवारी, विशाल सिंह, अजय मिश्रा, शैलेन्द्र पटेल, विपिन राय, लक्ष्मण सिंह, हर्ष, राजेश, अवनीश सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन ने एडवोकेट अलका उपमन्यु एवं अन्य विशिष्टजनों को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया


**मथुरा।** मथुरा बार एसोसिएशन द्वारा एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ब्रज प्रेस क्लब की अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट, स्पेशल डीसीसी पॉक्सो श्रीमती अलका उपमन्यु, पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर सेल टैक्स एवं अधिवक्ता पोनिया अन्य विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया।

मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सचिव शिशव कुमार शर्मा ने बार कार्यालय में कमलकांत उपमन्यु एवं श्रीमती अलका एवं अन्य विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं प्रशंसा पत्र देकर के सम्मानित किया है

बार एसोसिएशन द्वारा श्री उपमन्यु को दिए गए प्रशंसा पत्र में उनके द्वारा मथुरा न्यायालय प्रांगण में बड़े वाटर कूलर लगवाने एवं वादकारियो को बैठने के लिए सीमेंट की बेंच एवं मथुरा बार एसोसिएशन की प्रकाशित होने वाली डायरेक्टरी के लिए विशेष सहयोग प्रदान कराया है। इसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनकी प्रशंसा की गई तथा सम्मानित किया गया।

# डिलेवरी ऑफिस से नगदी समेत डीबीआर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी





**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (कजरापाही) स्थित हाइवे के किनारे बुधवार की देर रात एक मकान में बने फ्लिपकार्ट डिलेवरी कमरे का अज्ञात चार चोर शटर नीचे से चाड़कर अंदर जाने के बाद कैस काउंटर का लॉकर तोड़कर उसमें रखा लगभग 56 हजार रुपया नगदी समेत सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर उठा ले गए।मकान मालिक द्वारा गुरुवार को कंपनी के टीम लीडर मिजापुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी निलेश शर्मा को चोरी की सूचना दिया गया।घटना की सूचना पर निलेश पहुंचे तो तत्काल 112 नंबर पुलिस को घटना की सूचना दिये।घटना की सूचना पर 112 नंबर पुलिस के साथ मिजार्मुराद पुलिस भी मौके पर पहुंच सीसीटीवी चेक करने के बाद चोरों के तलाश में जुट गई।निलेश ने बताया कि इडेंटिफाई प्लस डिलीवरी सर्विस प्राइवे लिमिटेड कंपनी में टीम लीडर के पद पर तैनात हूं मेरे द्वारा फ्लिपकार्ट कंपनी का डिलीवरी करवाया जाता है।गुरुवार की रात शटर में ताला लगाकर घर चला गया था सुबह चोरी की जानकारी हुई जिसमें डिलीवरी हुए सामान का लगभग 56 हजार रुपया रखा हुआ था गायब है व सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर गायब था।मकान मालिक के कैमरे में देखा गया था तो देर रात 1 बजे से 3 बजे के बीच में चार चोर अंदर जाकर चोरी कर रहे थे सभी अपना मुंह ढके हुए थे।निलेश द्वारा चोरी के बाबत मिजार्मुराद थाने में तहरीर दिया गया।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि जांच-पड़ताल किया जा रहा है सीसीटीवी कैमरे की मदद से जल्द चोर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जौलकांडे में एक साथ दिखे तीन गुलदार, दहशत

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय से सटे जौलकांडे में सुबह के समय एक साथ तीन तीन गुलदार दिखने से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने व सुबह व सायं गश्त बढ़ाने की मांग की है।वही ज्वालादेवी वार्ड के मजियाखेत में भी सुबह सुबह गुलदार दिखने से लोग भयभीत है।मजियाखेत में सुबह सुबह स्थानीय लोग रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं, पर सुबह सुबह गुलदार दिखने से लोग भयभीत है।स्थानीय दलीप सिंह, कैलाश गढ़िया, मुन्नी देवी कमला देवी, मदन सिंह, उमा गुरानी ने बताया कि आए दिन गुलदार रास्ते में दिखाई देता है।पर शुक्रवार को गुलदार सुबह सात बजे सरेआम गोलू मंदिर के समीप देखा गया।वही सुबह सुबह कई बच्चे भी ट्यूशन से आते हैं, जिससे वे भी भयभीत है।वही जौलकांडे में भी गुलदारों की दहशत से ग्रामीणों में भय का माहौल है।ग्रामीण बसंत शर्मा, अशोक लोहनी, नैना लोहनी, ललित लोहनी ने बताया कि गांव के अधिकांश बच्चे पैदल सुबह व सायं स्कूल आते जाते हैं। इनदिनों उनके स्कूल से आने में शाम हो जाती है जिस कारण गांव में खतरा बना हुआ है।

# केएम अस्पताल ने नवीपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** पूरे उत्तर प्रदेश में ठंड का प्रकोप जारी है, ग्रामीण अंचलों में बीमार पड़े लोग अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे है, ऐसे में स्वास्थ्य की राजधानी केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम गांव-गांव जाकर अपनी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उनके गांव उनके घर पर प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में आज केएम हॉस्पिटल और केएम वेटरिनरी की चिकित्सकीय टीम ने नवीपुर गांव में डा. राजबहादुर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसका बीमार पशुओं सहित सैकड़ों मरीजों लाभ उठाया। केएम अस्पताल का उद्देश्य वंचित समुदायों, विशेष रूप से बुजुर्गों, निम्न आय वाले परिवारों और बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य परीक्षण प्रदान करना है।

यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया, जिसके दौरान एक समर्पित चिकित्सा दल ने आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कीं। उपस्थित डॉक्टरों में डा.गुडिया, डा. अंकिता गोयल, डा. विशेष मोहन सक्सैना शामिल थे, जिन्होंने जरूरतमंदों को परामर्श और चिकित्सा देखभाल प्रदान की। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 200 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह और स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।इसके अलावा नवीपुर गांव में बीमार पड़े पशुओं को वेटरिनरी कालेज के डाक्टर अभिषेक सिंह डा. गिरीश गुप्ता ने निःशुल्क परामर्श प्रदान किया। इस पहल ने सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के प्रति केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उन लोगों तक पहुंचें जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। केएम की मार्केटिंग टीम के मैनेजर आमीन खांन, हरेन्द्र कुंतल, दीपक कंसल, लोकेश ने इस कैम्प के आयोजन का नेतृत्व किया।

# नववर्ष के उपलक्ष मुकुट मुखारविंद मंदिर पर सेवायतों ने मनाया गिरिराज प्रभु का मंडला



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** गुरुवार की शाम मंदिर मुकुट मुखारबिंद पर सेवायतों ने गिरिराज महाराज का मंडला उत्सव का आयोजन किया गया। दसविसा ब्राह्मणान के सेवायत परिवारों के कलाकारों ने गिरिराज प्रभु को भजन कीर्तन कर खूब रिझाया। गिरिराज जी के भजनों को सुनकर सभी सेवायत एवं श्रद्धालुगण नृत्य करते नजर आए। प्रतिवर्ष होने वाले मंडला उत्सव में मंदिर सेवायतों ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

मंदिर प्रांगण गिरिराज जी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। सभी भक्तगण नृत्य करते हुए गिरिराज धरण की जय के उद्घोषों से उत्साहित नजर आए। मंदिर सेवायत कृष्ण गोपाल, देवेन्द्र शर्मा, मुकेश शर्मा, कोकन शर्मा, रोहित शर्मा, बिरजो गुरु, धीरज, काकू, पंकज, नहना पंडित ने सभी आगन्तुकों की आगवानी की।

स्थानीय कलाकारों संतोष अंजाना, निरतो गुरु, मुरारी लाल तिवारी, भारत भूषण, नरेश स्वामी, कृष्ण कांत शर्मा, राहुल शर्मा, राजू मास्टर, मुकुट बिहारी कौशिक, ललित मुखिया, कृष्णा, हरि बाबू सहित तमाम कलाकारों ने स्वरों का संगम लगा दिया।

## मनोज ने ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा में पाई सफलता

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** बागेश्वर निवासी मनोज चंद्र बचखेती ने ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा पास की है।यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उनकी मेहनत और समर्पण को दशार्ती है।मनोज चंद्र बचखेती की इस सफलता पर उनके परिवार, दोस्तों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि से बागेश्वर क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है।

ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा पास करने के लिए मनोज चंद्र बचखेती ने कड़ी मेहनत की है। उनकी इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। ।मनोज की इस सफलता में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व चन्दन राम दास के विशेषसहयोग से मनोज ने छात्र राजनीति के साथ युवा राजनीति में भी अच्छा मुकाम हासिल किया। मनोज की इस उपलब्धि में उन्हें विशेष सहयोग देने वालों में भी खुशी की लहर है। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक पार्वती दास , कपकोट विधायक सुरेश गडिया ,राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ,पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ,एड गौरव दास, अधिवक्ता गजेन्द्र मेहता, हरीश जोशी नरेन्द्र कोरंगा, मनोज कुमार जोशी, अधिवक्ता आदित्य धपोला व बागेश्वर जनपद के लोगो ने उन्हें बधाई दी।

# धूमधाम से मनाया गया पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राइका में वार्षिकोत्सव समारोह

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक पार्वती दास और जिलाधिकारी अकांक्षा कोंडे नेसंयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीप जोशी ने विधायक और जिलाधिकारी को बैज अलंकरण और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आपके जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें लक्ष्य स्पष्ट और ऊँचे होने चाहिए। उन्होंने आईएएस एवं आईपीएस जैसे प्रतिष्ठित पदों का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों से अभी से अपने लक्ष्य निर्धारित करने, आत्मविश्वास, जज्बे और निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने कहा कि समय पर की गई मेहनत ही भविष्य की सफलता सुनिश्चित करती है तथा विद्यार्थियों के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

वही विधायक पार्वती दास ने सभी विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत 10 मेधावी छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं।

सम्मानित छात्राओं में भूमिका बसेड़ा (गोल्ड मेडलिस्ट), गीतांजलि मेहर, मोनिका बबली, हिमानी, गरिमा, खुशबू आर्या, नेहा पांडे एवं गुड्डी आर्या शामिल रहीं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित जिला पुस्तकालय समिति की बैठक हुई आयोजित



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में उ0प्र0 सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम 2006 के प्रावधान के अन्तर्गत जनपद स्तर पर गठित ‟जिला पुस्तकालय समिति” की बैठक विगत दिवस देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुस्तकालय के विकास, उन्नयन, संवर्धन एवं और अधिक लोकप्रिय/उपयोगी बनाने के बिंदुओं पर निर्धारित एजेंडा के अनुसार विस्तृत चर्चा की गई।

सर्वप्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ सबीहा मुमताज ने पुस्तकालय समिति के सचिव के रुप में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक का शुभारम्भ करते हुए समिति उपाध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष समिति के सभी उपस्थित सम्मानित सदस्यों/अधिकारीगणों का स्वागत/अभिनन्दन किया। इस बैठक में समिति द्वारा पुस्तकालय समिति बैठक में प्रस्तुत एजेंडा बिन्दूओं पर लिए गये निर्णय के कम में अद्यतन हुई प्रगति की समिक्षा के साथ, इस बैठक के एजेंडा बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारीद्वारा पुस्तकालय का जल्द से जल्द ही हस्तांतरण किये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने राजकीय जिला पुस्तकालय के भवन में वाउंड्रीवाल की व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया। राजकीय जिला पुस्तकालय में पढने वाले पाठकों हेतु रीडिंग कक्ष में ए.सी. की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। राजकीय जिला पुस्तकालय, संत कबीर नगर में पाठकों की बढ़ती हुई संख्या हेतु गेज/कुर्सी की व्यवस्था किये जाने हेतु संबंधित को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया तथा समाचार पत्रिका, दैनिक समाचार पत्र, मासिक पत्रिका एवं दि हिन्दू पत्रिका मंगाने की व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में कैरियर काउंसलिंग एवं तनाव प्रबंधन कार्यकम हेतु एवं अन्य मौखिक सस्थाओं में समय-समय पर होने वाले आयोजन हेतु सेवा अधिकारी को दायित्व सौंपा जायेगा। पाठकों से प्राप्त प्रतियोगी पुस्तकों की सूची के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराया जायेगा।

## नाबालिग किशोरी के अपहरण का आरोप, तीन पर मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर एक युवक व उसके दो सहयोगियों पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत 2 जनवरी को उसकी 15 वर्षीय पुत्री को देवा पुत्र जयवीर निवासी ग्राम हलालपुर, थाना छपरौली, जनपद बागपत बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि इस घटना में विक्की व पीपन पुत्र ओमवीर उसके सहयोगी हैं। परिजनों ने किशोरी को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 गौतस्करों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में

जनपदीय एसओजी , थाना दुधारा तथा थाना धनघटा पुलिस द्वारा संयुक्तरुप से कार्यवाही करते हुए बृहस्पतिवार को प्रातः लगभग 03:30 बजे सूचना मिली कि थाना दुधारा अंतर्गत ग्राम रक्साकला गांव के पास बगीचे मे कुछ लोग प्रतिबंधित मांस को काट रहे है । थाना दुधारा प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा, उ0नि0 शोभनाथ, उ0नि0 रामकुशल सिंह, उ0नि0 श्री अनिल कुमार मिश्र, हे0का0 प्रदीप सिंह विशेन, हे0का0 विनोद कुमार यादव, का भीम कुमार, का0 राधेश्याम गिरि, हे0का0 राघवेन्द्र सिंह, थाना धनघटा प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जयप्रकाश दूबे, का0 रजनीश यादव, का0 महेन्द्र निषाद, का0 सोनू कुमार एवं रडऋ प्रभारी निरीक्षक एसओजी श्री अजय कुमार सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 श्री अभिमन्यु सिंह, हे0का0 अनूप कुमार राय, हे0का0 विवेक कुमार राय, का0 अभिषेक सिंह, का0 सर्वेश मिश्रा, का0 दीपक सिंह, का0 वीरबहादुर यादव, का0 अरुण हलवाई, का0 शुभम सिंह, का0 अमरजीत मौर्य के पहुचने पर उन लोगो द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया । पुलिस की जबाबी फायरिंग में 02 अभियुक्तगणों इकलाख पुत्र झिनक निवासी कथकपुरवा थाना रुदौली जनपद बस्ती । (घायल), अलाउद्दीन उर्फ कोईल पुत्र वकील निवासी रक्साकला थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर । (घायल) को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया, जिनके पैर में गोली लगी है ।

# वायरल वीडियो प्रकरण में तीन गिरफ्तार, भेजे जेल



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के बिजली घर रोड पर युवक के साथ मारपीट करने के मामले में हुई वीडियो वायरल प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

कस्बे के बिजली घर रोड पर कई दिन पूर्व चार युवकों ने कासिम पुत्र अय्यूब के साथ लाठी डंडों से मारपीट की थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हुआ था। पीड़ित युवक ने बिजली घर रोड निवासी साकिर,खालिद, फरमान व रिहान पुत्रगण सलीम के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। गुरुवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मारपीट के आरोपी साकिर, खालिद व फरमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि बिजली घर रोड निवासी एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट की थी।

# डीएम के निर्देश पर टीम ने किया प्रस्तावित सड़कों का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर पालिका परिषद द्वारा कस्बे में सड़क निर्माण कराए जाने के उद्देश्य से एक दर्जन से अधिक सड़कों के निर्माण प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों के संबंध में जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान के निर्देश पर गठित टीम ने गुरुवार को कस्बे में पहुंचकर प्रस्तावित सड़कों का निरीक्षण किया।

बीते दिनों नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक के दौरान कस्बे की जर्जर व क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण को लेकर एक दर्जन से अधिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर किए गए थे। लंबे समय से सड़क निर्माण न होने के कारण कस्बे के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसको लेकर नागरिक लगातार सड़क निर्माण की मांग उठा रहे है।गुरुवार को जिलाधिकारी के आदेश पर गठित टीम के नायब तहसीलदार सतीश यादव, अवर अभियंता राहुल कुमार, अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सिंह, कानूनगो धर्मवीर सिंह सहित नगर पालिका परिषद के अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रस्तावित सभी सड़कों का बारीकी से निरीक्षण कर उनकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।इस मौके पर नायब तहसीलदार सतीश यादव ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा शासन को भेजे गए सड़क निर्माण प्रस्तावों के संबंध में जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार स्थलीय निरीक्षण किया गया है।निरीक्षण के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का झांसा देकर महिला से लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक महिला से शादी का झांसा देकर एक ठग ने एक लाख चार हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव असदपुर जिडाना निवासी मीरा पुत्री राजवीर ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि 4 नवंबर 2025 को उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मर्चेंट नेवी का कर्मचारी बताते हुए कहा कि वह पीड़िता से शादी करना चाहता है। ठग ने यह भी दावा किया कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर उसके अधिकारी के साथ चली गई है और वह दिल्ली फ्लाइट से आ रहा है।पीड़िता के अनुसार, अगले दिन आरोपी ने फोन कर बताया कि उसे हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने पकड़ लिया है और उसके पास मौजूद गहनों के बदले दो लाख रुपये की मांग की जा रही है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर आयोजित हुआ



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने अपने पशुओं को लेकर पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाया। पशु चिकित्सकों द्वारा दर्जनों पशुओं की जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं।शिविर का शुभारंभ पशु चिकित्सक डॉ. धीरेंद्र सिंह एवं डॉ. धर्मेंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण एवं रोगों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। शिविर में 273 पशुओं की निशुल्क जांच की गई और उन्हें बुखार सहित खलीली, कीड़ों की दवाई वितरित की गई।कार्यक्रम में तेजपाल, अनुज कुमार, अशोक कुमार, संजीव कुमार, योगेश शर्मा, राजीव सिंह, प्रवीण कुमार, आस मोहम्मद सहित ग्रामीण व पशुपालक मौजूद रहे।

# एमआईईटी और रोशनी एग्री इंफॉर्मेशन के बीच एमओयू एआई-ड्रिवन स्मार्ट फार्मिंग को मिलेगा बढ़ावा



**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**


**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी), मेरठ तथा मोहाली स्थित रोशनी एग्री इंफॉर्मेशन प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू एआई-ड्रिवन स्मार्ट फार्मिंग, डिजिटल इनोवेशन और इंडस्ट्री-रेडी टैलेंट के निर्माण की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है। समझौते के माध्यम से इंजीनियरिंग एवं कृषि शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित अनुसंधान, प्रोजेक्ट्स एवं प्रशिक्षण के नए अवसर सृजित होंगे।

एमओयू पर हस्ताक्षर एमआईईटी के निदेशक प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह और रोशनी एग्री इंफॉर्मेशन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री राजीव तोमर द्वारा किए गए।

इस अवसर पर एमआईईटी के निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस समझौते का मुख्य उद्देश्य डिजिटल इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग एप्लीकेशंस, एआई-ड्रिवन एग्रीकल्चर तथा छात्र कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत स्मार्ट फार्मिंग, प्रिसिजन एग्रीकल्चर और डेटा-ड्रिवन निर्णय प्रणाली के लिए उन्नत तकनीकों को अकादमिक एवं रिसर्च इकोसिस्टम से जोड़ा जाएगा।

# कारी अकबर अली बने पीस पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय एकता भवन धौरहरा में बतौर मुख्यातिथि पीसपार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर मोहम्मद अय्यूब सर्जन ने गुरुवार को कारी अकबर अली को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी का विस्तार उनकी प्राथमिकता है।पार्टी की नीतियों से आकर्षित होकर लोग जुड़ते जारहे हैं।उसका कारण पीसपार्टी सर्व समाज के हित की बात करती है।

आगे कहा कि आगामी विधान सभा में उनकी पार्टी अपने कार्यकताओं के बलपर अच्छा प्रदर्शन करेगी।उन्होंने कार्यकताओं को बूथ स्तर पर संगठन की तैयारी करने की बात की और कहा कि आइये हमसब मिलकर करते हैं संगठन निर्माण।अगर संगठन है तो हम सब हैं।यह नियुक्ति पार्टी को संत कबीर नगर जिले एवं मेहदावल विधानसभा क्षेत्र में और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।इस दौरान मेहदावल विधानसभा अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष हाजी शमशुद्दीन,राष्ट्रीय महासचिव अफरोज बादल, विधानसभा अध्यक्ष फुजैल रहमानी,मौलाना तनवीर कासमी , फारूक अहमद , यासिर निजाम,ओबैदुन्नबी, हाजी मोहम्मद इलियास अंसारी,फखरे आलम सनी भी उपस्थित रहे।

# इंसाफ न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी, फायरिंग पीड़िता ने वीडियो वायरल कर सीएम योगी से लगाई गुहार

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में हुए फायरिंग प्रकरण में पीड़ित महिला ने वीडियो वायरल कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर उसे न्याय नहीं मिला तो वह अपने दोनों बच्चों के साथ आत्महत्या करने को मजबूर होगी।गांव इस्सौपुरटील निवासी रतन सिंह की करीब दस वर्ष पूर्व यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई थी। इसके बाद रतन की पत्नी ममता उर्फ मोनी ने गांव के ही रविंद्र पुत्र पालेराम से विवाह कर लिया। इसी बात को लेकर गांव के ही फाले सिंह का परिवार पीड़िता के परिवार से रंजिश रखने लगा।आरोप है कि कुछ दिन पूर्व फाले सिंह के पुत्र मनेन्द्र ने मोनिका उर्फ मोनी के घर पर फायरिंग की थी, जिसकी शिकायत पीड़िता ने एसपी शामली से की थी। गुरुवार को पीड़िता ने एक वीडियो वायरल कर आरोप लगाया कि बुधवार दोपहर यूपी पुलिस में तैनात सुरेंद्र ने अपने साथियों बृजेश, पंकज सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर पुलिस के सामने ही उसके पति पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।पीड़िता ने वीडियो के माध्यम से कहा है कि यदि उसे और उसके परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला तो वह अपने बच्चों के साथ आत्महत्या कर लेगी। उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों से सुरक्षा और सख्त कार्रवाई की मांग की है।वहीं दूसरी ओर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान फायरिंग के आरोपी मनेन्द्र पुत्र फाले सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुठभेड़ में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर महिला को पूर्ण रूप से न्याय दिलाया जाएगा।

# पुलिस मुठभेड़:महिला के घर फायरिंग का आरोपी गोली लगने से घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग स्थित रजवाहे की पुलिया पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। महिला के परिवार पर फायरिंग करने के मामले में वांछित एक आरोपी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की पल्सर बाइक बरामद की है।

बुधवार देर शाम थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ गंगेरू मार्ग पर रजवाहे की पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक पल्सर बाइक पर सवार चार युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर बाइक सवारों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में जा लगी, जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए।घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुनेंद्र उर्फ कालू पुत्र फाले सिंह निवासी गांव इस्सोपुरटील बताया।अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि आरोपी अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर गांव की महिला ममता उर्फ मोनी के घर पर फायरिंग की घटना में मुख्य अभियुक्त शामिल था, जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है तथा फरार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# घर के पास तक आ रही वनाग्नि बुझाने गई वृद्धा को गुलदार ने बनाया निवाला

**वेलकम इंडिया**



> गुलदार के हमले से महिला का मौत का मामला अत्यंत कष्टदायक है। शासन की नीति के अनुसार प्रभावित परिवार को मुआवजा प्रदान किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह है। क्षेत्र में गश्त तेज कर दी है तथा पिंजरा लगाया जा रहा है। **– आदित्य रत्न तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी**

**बागेश्वर।** बागेश्वर वन क्षेत्र के छाती-मनकोट गांव में गत सायं जंगल में लगी आग गांव के आसपास लोगों के चरागाह के मैदान तक फैल गई।वनाग्नि को अपने घास के ढेर। के आसपास फैलते देख पशुओं के लिए रखे घास के गट्ठर को जलने से बचाने हेतु वनाग्नि को नियंत्रित करने में जुट गई।इस दौरान वह घास के गट्ठर बचाने हेतु जंगल की तरफ पहुंची।आग बुझाते बुझाते अचानक गुलदार ने वृद्ध महिला पर झपट्टा मार दिया।वह कुछ2समझ पाती इससे पहले1पलक झपकते ही वृद्ध महिला को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया। गुलदार उसे घसीटकर घटनास्थल से लगभग एक किमी दूर ले गया। सूचना मिलते ही ग्रामीण वृद्ध महिला की खोजबीन में जुट गए।देर रात तक गांव के लोग और आसपास के ग्रामीण रात्रि तक आसपास के जंगल मे टार्च, मशाल और मोबाइल की रोशनी में लापता वृद्धा की खोजबीन में जुट गए।काफी मसक्कत के बाद जंगल में क्षतविक्षत अवस्था में वृद्ध महिला का शव बरामद किया। जहां ग्रामीणों और वन विभाग और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।जहां गुरूवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सायं छतीना के जंगल में आग लग गई। आग आबादी की ओर फैलने लगी जिस पर 65 वर्षीय देवकी देवी आग से अपने घास को ढेर से बचाने के पुत्र दयाल सिंह को लेकर चली गई। इस बीच आग बुझाने के बाद वनाग्नि को नियंत्रित करने के प्रयास के बाद बेटा कुछ आवश्यक कार्य हेतु घर आया।

पर बेटे को भी कुछ देर में अनहोनी हो जाएगी इसका कोई अंदेशा नही था जब अपनी माँ को आवाज लगाते हुए घर वापस बुलाने लगा और पुनः जहां आग बुझा रहे थे वहां पहुंचने पर माँ को वहां नही मिलने पर आसपास खोजबीन करने लगा।पर आवाज लगाने के बाद कोई भी सुराग नही मिलने पर वह चिंतित हो गया।

## उत्तरायणी मेले का हुआ पोस्टर विमोचन

**बागेश्वर।** सरयू और गोमती के संगम पर 13 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले के पोस्टर एवं आमंत्रण पत्र का विमोचन गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। मेले के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा और स्टार नाइट कार्यक्रमों में विभिन्न लोककलाकारों की प्रस्तुति, के साथ सरयू बगड़ में आयोजित दंगल गोला क्षेपण और बॉलीबाल प्रतियोगिता की जानकारी दी गई।वही पोस्टर विमोचन के दौरान मेला संरक्षक जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि उत्तरायणी मेला जिले का ऐतिहासिक मेला है।मेले को भव्य आकर्षक और ऐतिहासिक बनाने हेतु जिला प्रशासन और मेला समिति द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# भारतीय संस्कृति की विभिन्न संस्कृतियों की सकारात्मक बातों को आत्मसात करती है : बंगड़ा

**वेलकम इंडिया अनिल कुमार**



**नई दिल्ली।** सीपीएसयू निदेशक विश्व प्रतिष्ठान द्वारा नववर्ष के अवसर पर एक सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भावना कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित उत्तरी रेलवे इको पार्क में किया गया। यह कार्यक्रम संस्था चेयरमैन बजरंग बंगड़ा एवं सचिव दिवान चंद्र आर्य के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नववर्ष का स्वागत गीत, कविता, गजल पाठ तथा मनोरंजक खेलों के माध्यम से किया गया। उपस्थित सदस्यों ने आपसी मेल-मिलाप और सौहार्द के वातावरण में नववर्ष का उत्सव मनाया। साथ ही संस्था के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई, जिसमें सभी सदस्यों की सहमति और उत्साह देखने को मिला।

संस्था के सचिव दिवान चंद्र आर्य ने कहा कि यह आयोजन आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और विश्व शांति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सेवानिवृत्त निदेशक अपने परिवारों के साथ सम्मिलित हुए हैं। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि सेवानिवृत्त निदेशक आपस में संपर्क बनाए रखें और अपने अनुभव के माध्यम से देश की प्रगति में निरंतर योगदान देते रहें। साथ ही समाज में सद्भावना बनाए रखना, वंचित वर्गों के लिए कार्य करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करना भी संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है।

दिवान चंद्र आर्य ने यह भी कहा कि भारतीय परंपरा के अनुसार वास्तविक नववर्ष नवसंवत्सर से प्रारंभ होता है, किंतु वैश्विक शांति और आपसी सम्मान के लिए सभी संस्कृतियों और परंपराओं का आदर करना आवश्यक है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री एवं संस्था के चेयरमैन बजरंग बागड़ा जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशेषता यह है कि वह विभिन्न संस्कृतियों की सकारात्मक बातों को आत्मसात करती है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार, समाज, नगर, राष्ट्र और सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के बारे में सोचना चाहिए एवं कार्यक्रम मे मौजूद सभी गणमान्य लोगो ने एक एक कर अपनी गायकी से कार्यक्रम मे चार चाँद लगा दिए इस मोके बजरंग बगरा, ए. के. तिवारी, विष्णु अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, गीता शर्मा, हीरा बलकभ, एन. के. गुप्ता, संजीव सिंघल, अनिल कौशिक, दिनेश बत्रा, वाई. पी. भोला, डी. सी. आर्य, एस. एस. खुंटिया, संजीव शर्मा, राजीव चंदोक, पी. सी. वैष, सूरज प्रकाश, सुनील अग्रवाल सहित सीपीएसयू के अनेक निदेशक एवं उनके परिजन उपस्थित रहे इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय अनिल कुमार आर्य भी कार्यक्रम का हिस्सा रहे।

## बच्ची का अपहरण करने वाली अभियुक्ता गिरफ्तार, अपहृता 06 वर्षीय बच्ची बरामद

**डिबाई/बुलंदशहर।** 06 वर्षीय बच्ची खेलते-खेलते कस्बा डिबाई के मंगल बाजार से कहीं गुम हो गई थी जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना डिबाई पर मुअसं-12/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था तथा बच्ची की तलाश हेतु अलग-अलग थाना प्रभारियों की 07 टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा आसपास के सीसीटीवी कैमरे चैक किए गये जिसमें मास्क लगाए हुए महिला के साथ एक बच्ची नजर आई। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में अथक प्रयास के बाद आज दिनांक 08.01.2026 को थाना डिबाई पुलिस द्वारा अपहृता (06 वर्षीय बच्ची) को सकुशल बरामद किया गया तथा प्रकाश में आई अभियुक्ता को मौहल्ला कस्साबान कस्बा डिबाई से गिरफ्तार किया गया।

# 11 जनवरी को काशी विद्यापीठ में होगा एईएसआई का त्रिवार्षिक चुनाव

**वेलकम इडिया राजेंद्र सिंह**



हापुड़। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में 10 से 12 जनवरी तक तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंग्लिश टीचर्स कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन देशभर के अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के शिक्षकों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक मंच साबित होगा। सम्मेलन में अंग्रेजी शिक्षण की नवीन पद्धतियों, शोध की आधुनिक प्रवृत्तियों तथा वैश्विक स्तर पर आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तृत मंथन किया जाएगा।इसी सम्मेलन के अंतर्गत 11 जनवरी को एसोसिएशन फॉर इंग्लिश स्टडीज ऑफ इंडिया (एईएसआई) का त्रिवार्षिक चुनाव आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से लगभग 500 प्रतिनिधि भाग लेकर संगठन की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।इस चुनाव में जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़ के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर (डॉ.) सुभाष गौतम चेयरमैन पद के प्रत्याशी हैं। उनके प्रत्याशी बनने पर संस्थान के फाउंडर चेयरमैन श्री राकेश सिंघल, वाइस चेयरमैन डॉ. हिमांशु सिंघल, सचिव डॉ. रोहन सिंघल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनका नेतृत्व संगठन को नई दिशा देगा।इसी क्रम में प्रो. (डॉ.) सुभाष गौतम ने जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यदि उन्हें एईएसआई का नेतृत्व करने का अवसर मिलता है, तो वे अंग्रेजी शिक्षकों के शैक्षणिक हितों की रक्षा, शोध को प्रोत्साहन तथा युवा शिक्षकों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन को अधिक सक्रिय, पारदर्शी और शिक्षक-केंद्रित बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।यह सम्मेलन एवं चुनाव न केवल संगठनात्मक दृष्टि से, बल्कि देश में अंग्रेजी शिक्षण के भविष्य को दिशा देने की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पिंकी त्यागी के जन्मदिन पर गंगा मैया का चित्र भेंट

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता एवं हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी तथा जिला सचिव मुकेश प्रजापति ने भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्र हापुड़ की ब्यूरो चीफ मुलित त्यागी की धर्मपत्नी पिंकी त्यागी को उनके जन्मदिन के अवसर पर मोक्षदायिनी मां गंगा का पावन चित्र भेंट किया।इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियों ने पिंकी त्यागी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें शुभाशीर्वाद दिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।उन्होंने कहा कि मां गंगा का चित्र जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और सद्मार्ग का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।


## जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूण ने बिगास में नाले का किया उद्घाटन



**हापुड़।** वार्ड संख्या 5 के गांव हविसपुर बिगास में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूण ने नवनिर्मित नाले का उद्घाटन किया। गांव आगमन पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि नाले के निर्माण से गांव के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। यह नाला लंबे समय से ग्रामीणों की मांग थी, जिसे पूरा कराने के लिए उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूण एवं प्रमोद नागर का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।सतीश प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अनेक जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष हैं, लेकिन हापुड़ की जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूण जैसी जनप्रतिनिधि कहीं नहीं हैं, जिनके द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।कार्यक्रम में उदयवीर, मुनेश पंडित, संतोष पाल, रणपाल, जयपाल, हरपाल सिंह, गुरमुख, विक्रम सिंह, नरेंद्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## वंशिका शर्मा की श्रीकृष्ण पेंटिंग प्रकाशित होने पर विद्यालय में हर्ष

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** प्रतियोगिता में भाग लेकर कला कृति वर्ग में श्रीकृष्ण जी की पेंटिंग बनाकर प्रथम वरीयता से प्रकाशित होने पर वंशिका शर्मा को विद्यालय परिवार द्वारा बधाई दी गई।वंशिका शर्मा, पंडित गोपाल शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष, विश्व ब्राह्मण संघ यूपीझभारत) की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय एवं परिवार में हर्ष का वातावरण है।इस अवसर पर टैगोर शिक्षा सदन इंटर कॉलेज, हापुड़ के प्रधानाचार्य दिनेश शर्मा, कक्षा अध्यापिका श्वेता चौधरी सहित अन्य अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने वंशिका शर्मा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके कला कौशल की सराहना की।विद्यालय प्रशासन ने कहा कि वंशिका की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

## शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी पुलिस जांच में जुटी

**बुलंदशहर।** खुर्जा में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई मृतक के मुंह और नाक से खून निकलता पाया गया है, आंख के ऊपर चोट के निशान हैं।मृतक के बाएं हाथ पर ह्यनीरजह्न लिखा हुआ है, शिनाख्त के किए जा रहे हैं प्रयास सूचना मिलते ही थाना पुलिस, फोरेंसिक टीम और क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार मौके पर पहुंच गए पुलिस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है युवक का शव खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के अगवाल कट के पास एक खाली प्लॉट में मिला है।

## मुल्जिमों के पक्ष में एफआईआर से आक्रोश

**बुलंदशहर।** खानपुर थाना पुलिस द्वारा मुल्जिमों की तहरीर पर पीड़ित पक्ष के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। करीब 50झ60 ग्रामीण एसएसपी कार्यालय पहुंचे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि 28 दिसंबर को खानपुर थाने में एक पक्ष ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन थाना प्रभारी ने 10 दिन बाद मुल्जिमों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पीड़ित पक्ष के करीब 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी। इससे पीड़ित परिवारों में भय और असंतोष का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे पुलिस की एकतरफा कार्रवाई बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। मामले की जानकारी मिलते ही एसएसपी ने थाना खानपुर पुलिस को फोन पर कड़ी फटकार लगाई और प्रकरण की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। एसएसपी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।

# प्यार का झांसा देकर धर्म बदलवाने की साजिश

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** थाना क्योलड़िया क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन की कोशिश का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रेहान को गिरफ्तार कर लिया है। कई दिनों से फरार चल रहा आरोपी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गया। 5 जनवरी 2026 को पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर सनसनीखेज आरोप लगाए थे कि उनकी 17 वर्षीय बेटी को रेहान पुत्र फिदा हुसैन ने अपने भाई और साथी के साथ मिलकर बहला-फुसलाकर घर से गायब कर दिया।

शिकायत मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और तकनीकी सर्विलांस के जरिए कुछ ही घंटों में किशोरी को ट्रेन से सकुशल बरामद कर लिया गया। जांच में जो सच सामने आया, उसने सभी को चौंका दिया। आरोपी ने पहले किशोरी को प्रेम के जाल में फंसाया, फिर उसे मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। योजना के तहत उसे अजमेर शरीफ चादर चढ़ाने के बहाने ले जाया जा रहा था। जीआरपी की चेकिंग के दौरान किशोरी तो मिल गई, लेकिन आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। पीड़िता के बयान के बाद मामले में अपहरण, दुष्कर्म, अवैध धर्मांतरण और पॉक्सो एक्ट जैसी गंभीर धाराएं जोड़ दी गईं। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी। आखिरकार गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर डैम चौराहे से रेहान को धर दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपी कक्षा पांच तक पढ़ा है और जयपुर में प्लंबर का काम करता था।

# राष्ट्रीय बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद के साथ मिलकर मनाएगा हिन्दू संवाद



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** राष्ट्रीय बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद 11 जनवरी को हिन्दू संवाद कार्यक्रम का आयोजन करेगा जिसमें हिन्दू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह तोगड़िया भी शामिल होंगे।

इस हिंदू संवाद कार्यक्रम में शिक्षा, किसान, विद्यार्थियों के विषय सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी। अंतरराष्ट्रीय हिंदू सभा के जिला अध्यक्ष अमित गंगवार ने इस कार्यक्रम को लेकर बताया है कि कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है और लोगों को इसे सफल बनाने की अपील भी की गई है।

इसी के साथ राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार ने बताया है कि उन्होंने भी अपने कार्यकताओं और पदाधिकारी को इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के लिए जिम्मेदारी सौंप दी है।

# भरभराकर टाइल गोदाम की दीवार गिरी, मलबे में दबने से दो युवक घायल

**वेलकम इंडिया**



**जहांगीराबाद।** गुरुवार को नगर के मौहल्ला न्यू पाठक में उस समय कोहराम मच गया जब एक टाइल गोदाम की दीवार भरभराकर गिर पड़ी। दीवार के पास मौजूद दो युवक मलबे में दब गए जबकि एक मासूम बच्चा बाल बाल बच गया। घटना के तुरंत बाद चीख पुकार मचने पर आस पास के लोगों ने हाथों से मलबा हटाकर एक युवक को मलबे से बाहर निकाला।

घटना की सूचना पर कोतवली प्रभारी संजेश कुमार और नगर पालिका ईओ मणिजी सैनी मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू करवाया। जेसीबी से मलबा हटाने के दौरान एक युवक और मलबे में दबा हुआ निकला। दोनों युवकों को घायल अवस्था में सीएचसी ले जाया गया जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर एसपी देहात, एसडीएम अनूपशहर, सीओ अनूपशहर और पालिकध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी मौके पर पहुंच गए और अपनी देखरेख में बचाव कार्य करवाते रहे।

जानकारी के मुताबिक नई बस्ती के सामने एक टाइल स्टोर के पीछे टाइल का गोदाम बना हुआ है। बताया जा रहा है कि बुधवार को टाइल के गोदाम में टाइल की गाड़ी उतारी गई थी। गुरुवार की शाम को गोदाम की दीवार अचानक गिर गई। उस समय दीवार के पास एक बच्चा साईकल चला रहा था जबकि नई बस्ती निवासी नाजिम और शाहरुख मौके से होकर गुजर रहे थे।

अचानक दीवार गिरने के कारण नाजिम और शाहरुख उसके नीचे दबकर रह गए जबकि बच्चा साईकल छोड़कर वहां से हट गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई। शोर शराबा सुनकर सैकड़ों लोग मौके पर एकत्रित हो गए और राहत कार्य मे जुटे कर्मचारियों की मदद की।

# घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में सगे भाइयों समेत तीन दोषमुक्त

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



अनुज यादव, बृजपाल सिंह यादव गुड्डू, नरेश यादव व संदीप यादव

**वाराणसी।** रास्ते के विवाद को लेकर घर में घुसकर महिलाओं को मारने-पीटने के मामले में सगे भाइयों समेत तीन आरोपितों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार की अदालत ने वरुणा ब्रिज निवासी आरोपित अशोक यादव, उसके भाई राजेश यादव व एक अन्य लक्ष्मण यादव को आरोप सिद्ध न होने पर संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, बृजपाल सिंह यादव गुड्डू, नरेश यादव व संदीप यादव ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वरुणा ब्रिज निवासी लालजी यादव ने कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी आरोप था कि वह 28 सितंबर 1996 को पैसे के तकादे के लिए वरूणा नदी उस पार गया था। उसी दौरान लगभग आठ बजे रात्रि को उसके घर के पास के रहने वाले आशोक पुत्र वेदी यादव, राजेश पुत्र वेदी, भरत पुत्र छन्नु यादव, लक्ष्मण पुत्र छन्नु व बाबू पुत्र दुक्खु और धन्नु पत्र दुक्शु यादव जिनसे उसका रास्ते के सन्दर्भ में कुछ विवाद चल रहा था उसी विवाद को लेकर वह लोग उसके दरवाजे पर चढ़ आये और मां-बहन की गाली देने लगे। इतने में मेरी मां दरवाजे पर आ गयीं और ये लोग उनको भी गाली देने लगे इतने में मेरी मां घर में घुस गयी जिस पर ये लोग अपने हाथ में डंडा, हॉकी, क?ट्टा (रिवाल्वर) लिए थे और अशोक ने क?ट्टा दिखाते हुए कहा कि आज साला घर पर नहीं है नहीं तो मैं उसे जान से ही मार डालतो मेरी मां-बहन मारने पीटने लगे उनके चिल्लाने पर चिल्लाने पर मुहल्ले के बहुत से लोग वहां पहुंचे और उसकी मां और बहन को बचाए रात में जब मैं घर पर आया तो मेरी मां बहन ने इस घटना की जानकारी दी जिसके बाद उसने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

## ऊंचागांव अनिवास मार्ग पर सिल्ट पडा होने से लोगों हो रही भारी परेशानी

**वेलकम इंडिया**



**बुगरासी।** ऊंचागांव अनिवास मार्ग पर सिल्ट पडा होने से 30 किलोमीटर अधिक चलकर पहुंच रहे हैं अपने गंतव्य पर राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनूपशहर से स्याना जाने वाले वाहनों को अब 30 किलोमीटर अतिरिक्त चलकर जहांगीराबाद से होकर जाना पड रहा है। स्याना से उंचा गांव तक डबल लेन सडक बनी है।जहा पर एक लाईन बंद होने के कारण वाहनों को वनवे चलाया जा रहा है।बडे वाहनों को तो पूरी तरह बंद कर दिया गया है क्योंकि बडे वाहन तो किसी भी तरह निकल ही नही सकते हैं।जिसके कारण अब वाहन स्वामी सडक से नीचे गंतव्य को जाने के लिये कच्ची चकरोड का इस्तेमाल कर रहे हैं।इस स्थिति में पिलखनी खंदोई सफीनगर चरौरा महुआ खेडा के ग्रामीणों के सामने भंयकर समस्या पैदा हो गई है।सिल्ट के कारण उडने वाली धूल से आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी हो रही है।

# कलेक्ट्रेट में डीसीडीसी की बैठक

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा जनपद में नई समितियों के गठन, नव-निबंधित समितियों को ?2 लाख अनुदान तथा सहकारिता को सशक्त बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बताया गया कि इस वर्ष जनपद में 64 नई सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य है, जिसके पूरा होने पर कुल समितियों की संख्या 214 हो जाएगी। जिलाधिकारी ने समयबद्ध रूप से समितियों के गठन के निर्देश दिए तथा एफपीओ के साथ समन्वय कर समितियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की योजना बनाने को कहा। साथ ही जिन समितियों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है, उन्हें उप जिलाधिकारियों से समन्वय कर दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ निशा ग्रेवाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रमोद कुमार पांडेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुधांशु सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्र एवं प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रैक सूट देकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में आयोजित एक सम्मान समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष और डॉक्टर के एन मोदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर डीके मोदी ने इस सत्र में आयोजित विभिन्न प्रकार के खेलों में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र खिलाड़ियों को ट्रैकसूट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और भविष्य में एक जागरूक नागरिक बनकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिलाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एथलेटिक्स, बैडमिंटन ,टेबल टेनिस फुटबॉल, तीरंदाजी आदि में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।



इन खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्गों में अपने परिवार के साथ-साथ अपने जनपद मंडल प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन किया है विद्यालय के खेल प्रशिक्षक ,राजीव सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश अग्रवाल और उपस्थित सभी सम्मानित शिक्षकों ने विद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर डी के मोदी जी को प्रतीक चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया वह भविष्य में भी विद्यालय और विद्यालय के छात्रों को अपने आशीर्वचनों से प्रेरित करने के लिए निवेदन किया उल्लेखनीय है कि विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर मोदी जी के मार्गदर्शन में विद्यालय में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की लैब की स्थापना की गई है। जिससे इस विद्यालय के छात्र भी ए आई के बारे में ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब जनपद में नहीं मंडल में अपना एक स्थान रखती है। इस विद्यालय के छात्र विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदेश स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं अभी एक कक्षा 10 का एक छात्र कृष्ण वर्मा ने प्रदेश स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने का गौरव प्राप्त किया है। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक, राजीव सिंह, धर्मवीर सिंह ,गौरव त्यागी, राजकुमार सिंह, प्रीति शर्मा, गौरव त्यागी ,राजीव कुमार जांगिड़ संजीव कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** समग्र शिक्षा माध्यमिक, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के आदेश के अनुपालन मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गाज़ियाबाद में सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अंग्रेजी विषय के शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 06 जनवरी 2026 से 08 जनवरी 2026 तक संचालित हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य अंग्रेजी भाषा शिक्षण की नवीन पद्धतियों, भाषा कौशल विकास, मूल्यांकन की आधुनिक विधियों तथा कक्षा-कक्ष में शिक्षणझअधिगम की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा पठन कौशल, लेखन कौशल, संप्रेषण कौशल), शिक्षण योजना, भाषा मूल्यांकन एवं शिक्षण तकनीक आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों से अंग्रेजी विषय के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, व्यावहारिक तथा कक्षा शिक्षण में सीधे लागू करने योग्य बताया। कार्यक्रम का संचालन डायट प्राचार्य/प्रशिक्षक मण्डल द्वारा किया गया। समापन सत्र में प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा प्रशिक्षण में सक्रिय सहयोग हेतु प्रशिक्षकों एवं आयोजन दल की सराहना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर अंग्रेजी विषय के परिणामों एवं भाषा दक्षता में गुणात्मक सुधार लाना है।

## नेशनल स्कूल गेम्स शूटिंग में शानदार प्रदर्शन, 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता गोल्ड

**गाजियाबाद।** 69वें नेशनल स्कूल गेम्स पिस्टल व राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2025–26 में गाजियाबाद के होनहार शूटर विज्यांश चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मध्य प्रदेश स्टेट शूटिंग अकादमी, बिशन खेड़ी, भोपाल में 5 जनवरी से 9 जनवरी तक आयोजित की गई। अंडर–14 बॉयज वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सीबीएसई से संबद्ध नेहरू वर्ल्ड स्कूल, शास्त्री नगर गाजियाबाद तथा गाजियाबाद शूटिंग क्लब का प्रतिनिधित्व कर रहे विज्यांश चौधरी ने 400 अंकों में से शानदार 381 अंक, 15 एक्स (381–15&) का स्कोर करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन से न केवल सीबीएसई बल्कि उत्तर प्रदेश और जिला गाजियाबाद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ। उल्लेखनीय है कि विज्यांश चौधरी अजय प्रमुख के सुपुत्र हैं और पहले भी कई राष्ट्रीय व क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इससे पूर्व सितंबर 2025 में उन्होंने सीबीएसई नेशनल गेम्स में सिल्वर मेडल प्राप्त किया था, जबकि अगस्त 2025 में सीबीएसई स्टेट नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी क्षमता साबित की थी। विज्यांश की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, कोच, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## डीजल के पैसे मांगने पर कर्मचारियों से मारपीट

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक पेट्रोल पंप पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब डीजल भरवाने के बाद भुगतान से बचने को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने पंप कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित कर्मचारियों की शिकायत पर साहिबाबाद थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पंकज ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब पौने तीन बजे एक होंडा सिटी कार पेट्रोल पंप पर पहुंची, जिसमें दो युवक सवार थे। एक युवक ने 300 रुपये का डीजल भरने को कहा, जबकि दूसरे ने 500 रुपये का डीजल डालने की बात कही। इस पर पंकज ने पहले भुगतान करने का आग्रह किया, जिससे नाराज होकर दोनों युवक गाली–गलौज करने लगे। विवाद के बीच पंकज ने 500 रुपये का डीजल भर दिया। डीजल भरने के बाद जब कर्मचारियों ने पैसे मांगे तो दोनों युवक बिना भुगतान किए गाड़ी लेकर भागने लगे। पंप पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोक लिया। इससे बौखलाए दोनों युवक गाड़ी से उतर आए और पंकज समेत सेल्समैन रमेश, मनदीप, सौरभ तथा गनमैन बृजपाल के साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि हमलावरों के हाथ में नुकीली वस्तु भी थी, जिससे कर्मचारियों पर हमला किया गया। जान का खतरा देख सभी कर्मचारी भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। पीड़ितों का आरोप है कि जाते–जाते आरोपी सभी कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। साहिबाबाद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की पहचान में जुटी है। घटना के बाद से इलाके के पेट्रोल पंप कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## फर्जी कस्टमर केयर नंबर से 80 हजार की सेंध

**गाजियाबाद।** साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जहां फर्जी कस्टमर केयर नंबर के जरिए एक व्यक्ति से 80 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित नवनीत त्यागी ने साइबर थाने में अज्ञात जालसाजों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित के अनुसार उन्हें नेटफ्लिक्स रिचार्ज से संबंधित समस्या आ रही थी। समाधान की तलाश में उन्होंने गूगल पर नेटफ्लिक्स कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। सर्च के दौरान मिले एक नंबर पर कॉल करने पर फोन उठाने वाले व्यक्ति ने खुद को नेटफ्लिक्स का कस्टमर केयर कर्मचारी बताया और समस्या के समाधान के लिए एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करने को कहा। जैसे ही नवनीत त्यागी ने उक्त ऐप अपने मोबाइल में डाउनलोड किया, उनका फोन हैंग हो गया। कुछ ही सेकंड के भीतर उनके बैंक खाते से 80 हजार रुपये की राशि यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर ली गई। पैसे कटते ही आरोपी ने फोन बंद कर दिया और पीड़ित से संपर्क पूरी तरह टूट गया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि ठगी के दौरान जिन मोबाइल नंबरों का उपयोग किया गया, वे 9153684689 और 9117739661 हैं, जबकि गूगल सर्च में मिला कथित कस्टमर केयर नंबर 09122061777 था। ट्रांजैक्शन से जुड़ी पूरी जानकारी भी साइबर थाने को सौंप दी गई है। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर संबंधित मोबाइल नंबरों, आईडी और बैंक ट्रांजैक्शन की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साइबर ठगों के नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

## राहगीरों से लूटपाट करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** असलहे से आतंकित कर राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए सिहानी गेट पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरोह का एक सदस्य अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। कार्यवाहक एसीपी नंदग्राम प्रियाश्री पाल ने बताया कि छह जनवरी की रात नवयुग मार्केट स्थित रेस्तरां में काम करने वाला कर्मचारी सुनील कुमार घर लौट रहा था। रात करीब 11 बजे जब वह जीडीए दफ्तर के पिछले गेट के पास पहुंचा तो बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने मोबाइल छीनने की कोशिश की, जिसका सुनील ने विरोध किया। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू निकालकर उसके पेट और कमर के बीच में मार दिया। सुनील को गंभीर रूप से घायल करने के बाद बदमाश उसका मोबाइल लूटकर फरार हो गए। एसीपी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। सिहानी गेट पुलिस ने तीन आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में वीर उर्फ कल्लू उर्फ बल्लू , सोनू और अमन हैं। हर्ष नाम का चौथा बदमाश फरार है। गिरफ्तार बदमाशों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह सुनसान इलाकों में अकेले निकलने वाले राहगीरों को निशाना बनाते थे।

# आईपीईसीझटीबीआई फाउंडेशन और साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के बीच एमओयू

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** आईपीईसीझटीबीआई फाउंडेशन और साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीएसआईडीए) की उपस्थिति और सक्रिय सहयोग में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य उद्योगझअकादमिकझस्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाना है।एसआईए की जनरल बॉडी मीटिंग में आईपीईसीझटीबीआई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गुप्ता को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उद्योग, स्टार्टअप्स और एमएसएमई सेक्टर के लिए नवाचार-आधारित सहयोगात्मक पहलों, मेंटरशिप, तकनीक सक्षम समाधान तथा सहभागिता के विभिन्न अवसरों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।



बैठक के दौरान उद्योग जगत की वर्तमान चुनौतियों और उनके समाधान हेतु संभावित नवाचारी तकनीकी उपायों पर भी गहन चर्चा की गई, जिससे शिक्षा, उद्योग और उद्यमिता के बीच साझा मूल्य सृजन की दिशा में ठोस पहल संभव हो सके। विचार-विमर्श के उपरांत दोनों संस्थाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को औपचारिक रूप देते हुए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के प्रमुख उद्देश्य उद्योगझअकादमिक सहयोग को मजबूत करना, नवाचार-आधारित पहलों को बढ़ावा देना, स्टार्टअप्स एवं एमएसएमई को मेंटरशिप व तकनीकी सहयोग प्रदान करना तथा सतत उद्यमशील विकास के लिए प्रभावी मार्ग तैयार करना हैं। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों, गवर्निंग बॉडी सदस्यों, यूपीएसआईडीए के अधिकारियों एवं लगभग 15 प्रमुख औद्योगिक विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# गाजियाबाद शूटिंग क्लब के शूटर विज्यांश चौधरी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** 69 वां नेशनल स्कूल गेम्स पिस्टल व राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2025-26, मध्य प्रदेश स्टेट शूटिंग अकेडमी बिशन खेड़ी भोपाल मे 5 जनवरी से 9 जनवरी में होने वाली चैंपियनशिप में अंडर 14 बॉयज 10 मीटर एयर पिस्टल में सीबीएसई के नेहरू वर्ल्ड स्कूल शास्त्री नगर गाजियाबाद और गाजियाबाद शूटिंग क्लब के शूटर विज्यांश चौधरी ने 400 अकं में से 381- 15७ स्कोर मारते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त कर सीबीएसई में उत्तर प्रदेश वह जिला गाजियाबाद का नाम रोशन किया। विज्यांश चौधरी अजय प्रमुख के छोटे पुत्र हैं। अभी हाल में ही विज्यांश चौधरी ने सितंबर 2025 में सीबीएसई नेशनल गेम खेलते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया था और अगस्त 2025 में सीबीएसई स्टेट नॉर्थ जोन मे गोल्ड मेडल प्राप्त किया था।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को आरटीई योजना के बारे में दी गई जानकारी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** रजापुर ब्लॉक में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को आरटीई योजना से संबंधित ओरिएंटेशन बैठक में बुलाया गया। प्रोग्राम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद,खंड शिक्षा अधिकारी रजापुर और जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को आरटीई योजना के बारे में जानकारी दी गई।आरटीई योजना के प्रचार प्रसार के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को हैंड पंपलेट और पोस्टर दिए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में कोई अभिभावक अपने ग्राम पंचायत में स्थित निजी स्कूलों में आरटीई योजना में अपने बच्चे को निःशुल्क दाखिला करा सकता हैं। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कविता चौहान ने बताया कि गांव के लोगों को अधिक जानकारी दी जानी चाहिए जिससे वह अपने बच्चे को निजी स्कूलों में दाखिला कराने के आवश्यक अभिलेख तैयार करवा लें। सूच्य है कि इस साल आरटीई योजना के फॉर्म जनवरी माह के अंत में शुरू होनी हैं।



# अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना अगौता का किया गया वार्षिक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में गुरुवार शाम को अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद द्वारा थाना अगौता का वार्षिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, मैस, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र/महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी अगौता को मालों के निस्तारण करने, डाक रजिस्टर व अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने, थाना परिसर में साफ-सफाई रखने एवं प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना अगौता अतुल कुमार चौहान अन्य कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे।



# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील धरातल पर पहुंचकर कराई जांच, दूषित पानी की मिली थी सूचना

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा वन में दूषित पानी की समस्या सामने आई है, जिसके कारण आठ लोगों के बीमार होने का दावा किया गया। निवासियों के अनुसार, सी ब्लॉक में पीने के पानी में सीवर का पानी मिल रहा था। इस शिकायत के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लीकेज को ठीक कराया।

यह मामला सोमवार को तब शुरू हुआ जब सी ब्लॉक के एक मकान में सुबह के समय गंदा और बदबूदार पानी आया। निवासियों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। उन्होंने बताया कि कुछ अन्य घरों में भी ऐसा ही पानी आया, जिससे लोगों को उल्टी, दस्त और बुखार जैसी शिकायतें हुईं। हालांकि, किसी भी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी। आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष पंकज नागर ने बताया कि इस संबंध में प्राधिकरण से शिकायत की गई थी। बुधवार और गुरुवार को प्राधिकरण की टीम सेक्टर में पहुंची और दो स्थानों पर खुदाई की गई। जांच में पाया गया कि सीवर लाइन का पानी पेयजल आपूर्ति लाइन में मिल रहा था। प्राधिकरण ने इस समस्या को ठीक कर दिया है। इसी बीच, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी सेक्टर में एक कैंप लगाया। टीम ने लगभग 158 घरों का डोर-टू-डोर सर्वे किया, जिसमें सात लोग बीमार पाए गए। इनमें से कुछ को उल्टी-दस्त और कुछ को बुखार की शिकायत थी। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आवश्यक नहीं है कि बीमारी दूषित पानी के कारण ही हो; यह मौसम या खान-पान से भी संबंधित हो सकती है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने स्वयं जल विभाग की टीम के साथ मौके का जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान कर दिया गया है और अब लोगों को दूषित पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। कई घरों से पानी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।



# गेमिंग ऐप से ठगी करने वाले महिला समेत 8 आरोपियों को नोएडा थाना बिसरख पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए ठगी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में पांच युवतियों सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 18 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप, 155 सिम कार्ड, 55 पेमेंट क्यूआर कोड स्कैनर और 45,000 रुपये नकद सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। यह गिरोह लोगों को ऐप के माध्यम से पैसे जीतने का लालच देकर ठगी करता था। बिसरख पुलिस ने गोपनीय सूचना पर गौर सिटी सेंटर के पुलिस ने मौके से सूरजपुर निवासी गर्व, गाजीपुर निवासी अजय, जबलपुर निवासी दिव्यांग सोनम उर्फ अनिरुद्ध, फिरोजाबाद निवासी रुचि, उत्तराखंड निवासी सुषमा, प्रतापगढ़ निवासी तनीषा और सानिया को गिरफ्तार किया।

सेंट्रल नोएडा की डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि इस गिरोह का सरगना दिव्यांग सोनल उर्फ अनिरुद्ध है। वे उन लोगों को निशाना बनाते थे जो ऑनलाइन गेम खेलने के शौकीन थे। लड़कियों के माध्यम से उनसे संपर्क किया जाता था और ज्यादा पैसे कमाने का लालच दिया जाता था। शुरूआत में, आरोपियों द्वारा निवेशकों को छोटी रकम जितवाकर उनके खातों में ट्रांसफर कर दी जाती थी, जिससे उनका विश्वास जीत सकें। बाद में, जब बड़ी रकम जमा हो जाती थी, तो उन्हें यह कहकर पैसे ट्रांसफर नहीं किए जाते थे कि राशि अधिक होने पर ही हस्तांतरण होगा। इस तरह वे लोगों के पैसे हड़प लेते थे। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने अब तक लाखों रुपये की ठगी की है और पिछले छह महीने से गौर सिटी सेंटर में यह कॉल सेंटर चला रहा था। पकड़े गए सभी आरोपी अच्छी तरह पढ़े-लिखे हैं।





# हरनंदी पर चार लेन पुल को मिली हरी झंडी, सिद्धार्थ विहार-वसुंधरा की दूरी होगी आसान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वर्षों से हरनंदी पर चार लेन पुल निर्माण की लंबित मांग को आखिरकार मंजूरी की दिशा में बड़ी सफलता मिल गई है। बुधवार को हुई बैठक में आवास विकास आयुक्त ने प्रस्तावित पुल के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति दे दी है। इसी माह होने वाली बोर्ड बैठक में इस परियोजना का औपचारिक प्रस्ताव रखा जाएगा। योजना के तहत हिंडन बैराज से लगभग 50 मीटर आगे सिद्धार्थ विहार से वसुंधरा को जोड ? वाला करीब 200 मीटर लंबा चार लेन पुल बनाया जाएगा। यह पुल मौजूदा बैराज के समानांतर होगा। वर्तमान में बैराज पर सिंगल लेन पुल होने के कारण रोजाना भारी जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। नया पुल बनने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त होने की उम्मीद है। हरनंदी पर चार लेन पुल बनने से सिद्धार्थ विहार में रहने वाली लाखों की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही प्रताप विहार, वसुंधरा, इंदिरापुरम और पूरे ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन कहीं अधिक सुगम हो जाएगा। खासतौर पर ऑफिस टाइम और स्कूल समय में लगने वाले जाम से राहत मिलने की संभावना है। परियोजना की एक अहम कड़ी के तहत पुल को एलीवेटेड रोड से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए वसुंधरा सेक्टर-7 में प्रस्तावित एम्स सैटेलाइट सेंटर के पास एक लीफ (रैम्प) बनाई जाएगी। अभी तक यूपी गेट से एलीवेटेड रोड होकर आने वाले वसुंधरा, सिद्धार्थ विहार और प्रताप विहार के लोगों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर राजनगर एक्सटेंशन जाना पड़ता है। लीफ के निर्माण के बाद दिल्ली से आने वाले वाहन सीधे एलीवेटेड रोड से वसुंधरा सेक्टर-7 में उतर सकेंगे। यहां से लोग हरनंदी पर बनने वाले चार लेन पुल के माध्यम से आसानी से सिद्धार्थ विहार और प्रताप विहार पहुंच सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि ट्रैफिक का दबाव भी काफी हद तक कम होगा। प्रस्तावित पुल और लीफ के निर्माण को ट्रांस हिंडन क्षेत्र के यातायात ढांचे के लिए एक बड़ी राहत और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# रालोद की अर्बन कमेटी को मिला संगठन विस्तार का रोडमैप



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोकदल के केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश के सदस्यों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने की। बैठक का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में पार्टी संगठन की स्थिति की समीक्षा करना और आगामी कार्ययोजना तय करना रहा। बैठक में अर्बन कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इंदरजीत सिंह टीटू, पूर्व विधायक नूर सलीम राणा और जावेद सुल्तान, जौनपुर प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक स्थिति पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अर्बन कमेटी के सभी सदस्य अपने-अपने मंडलों में आगामी 15 दिनों के भीतर जिला और महानगर स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन की समीक्षा करेंगे। इस समीक्षा के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट पार्टी को सौंपी जाएगी, जिसके बाद आगे की संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मंडलवार जिम्मेदारियां भी तय की गईं। मेरठ मंडल की जिम्मेदारी इंदरजीत सिंह टीटू को सौंपी गई है। मध्य उत्तर प्रदेश क्षेत्र की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा को दी गई है। सहारनपुर और मुरादाबाद मंडलों की निगरानी पूर्व विधायक नूर सलीम राणा करेंगे, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की जिम्मेदारी जावेद सुल्तान को दी गई है। आगरा मंडल का दायित्व महेश जाटव को सौंपा गया है। निर्देशों के अनुसार अर्बन कमेटी के सदस्य अपने-अपने मंडलों में जाकर यह समीक्षा करेंगे कि किन जिलों और महानगरों में जिला अध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों द्वारा संगठन का गठन किया गया है। इसके तहत यह भी देखा जाएगा कि महानगर स्तर पर कितने वार्ड अध्यक्ष बनाए गए हैं, जिला स्तर पर कितने विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं और ग्राम कमेटियों में अब तक कितने कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समीक्षा के दौरान उन क्षेत्रों की भी पहचान की जाएगी जहां संगठन अब तक गठित नहीं हो पाया है। ऐसे स्थानों पर संगठन को मजबूत करने के लिए उपयुक्त और समय देने वाले कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपने की रणनीति बनाई जाएगी, ताकि पार्टी की जमीनी पकड़ को मजबूत किया जा सके। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि सभी अर्बन कमेटी सदस्य अपनी-अपनी समीक्षा रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर पार्टी कार्यालय में जमा कराएंगे। इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर संगठन विस्तार को लेकर अगली कार्यवाही शुरू की जाएगी। यह जानकारी अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश के प्रभारी इंदरजीत सिंह टीटू ने दी।

## जीटी रोड पर हादसों की रात, एक की मौत चार घायल

**गाजियाबाद।** बुधवार देर रात जीटी रोड पर हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों ने शहर को दहला दिया। इन दुर्घटनाओं में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला और सबसे गंभीर हादसा घंटाघर से चौधरी मोड़ की ओर जाने वाली लेन में रेलवे रोड कट के पास हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक पर पीछे बैठा युवक सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान ट्रक का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मोदीनगर के भूपेंद्रपुरी गली नंबर एक निवासी 26 वर्षीय अवचेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अवचेश ने बाइक टैक्सी बुक की थी। हादसे में बाइक चालक भी घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दूसरा हादसा रेलवे रोड पर ही देर रात हुआ, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से गिरधरपुर निवासी गलेंद्र घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। तीसरी दुर्घटना देर रात करीब 12 बजे हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन के पास हुई। तेज रफ्तार कार ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने होम लोन विवाद में त्वरित कार्रवाई, मकान पर कब्जे की कार्रवाई रुकवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने एक बैंक लोन से जुड़ी गंभीर शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित निस्तारण किया। शिकायतकर्ता अनुराग सिंह, निवासी क्रासिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उन्होंने पिरामल फाइनेंस से होम लोन लिया था, जिसकी अधिकांश धनराशि वे समय-समय पर जमा कर चुके हैं। इसके बावजूद फाइनेंस कंपनी द्वारा उन्हें लगातार नोटिस भेजे जा रहे हैं और 10 जनवरी 2026 को उनके मकान पर कब्जा लेने की चेतावनी दी गई है। शिकायत सुनते ही जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों से तत्काल वार्ता की। जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद 10 जनवरी 2026 को प्रस्तावित कब्जे की कार्रवाई पर रोक लगाई गई। साथ ही जिलाधिकारी ने अनुराग सिंह को निर्देशित किया कि वे शीघ्र ही बकाया धनराशि जमा कर प्रकरण का विधिवत निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से राहत महसूस करते हुए अनुराग सिंह ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता दर्शन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करेगा।

# दहेज विवाद में फंसे डॉक्टर पति और ससुरालीजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिविल जज (जूनियर डिवीजन) त्वरित न्यायालय के आदेश पर महिला थाने में एक महिला चिकित्सक की शिकायत पर उनके चिकित्सक पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, अमानत में ख्यानत, अस्पताल पर कब्जा करने और हिस्सेदारी न देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। अदालत ने पुलिस को मामले की विवेचना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

प्रताप विहार निवासी डॉ. सीमा गोयल ने अदालत में दी गई अर्जी में बताया कि उनका विवाह नौ फरवरी 1999 को डॉ. नरेंद्र गोयल से हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। विवाह में उनके पिता द्वारा लगभग दस लाख रुपये नकद, सोने चांदी के जेवर, बर्तन, कपड़े व अन्य उपहार दिए। इसके अलावा करीब पंद्रह लाख रुपये अन्य खर्च किया। इसके बावजूद पति, उनकी बहनों मीनू व निम्मी, बड़े भाई राजीव गोयल और जेठानी सीमा गोयल द्वारा कम दहेज लाने के ताने दिए जाते रहे और अतिरिक्त दहेज में बड़ी कार की मांग की जाती रही। आरोप है कि दहेज को लेकर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया। इस दौरान दंपती अलीगढ़ में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे थे और उनके एक बेटा व एक बेटी भी हुए। नोएडा अथॉरिटी से मिले भूखंड और क्लीनिक के लिए भी डॉ. सीमा के पिता से धन की मांग की गई। सीमा का आरोप है कि विजय नगर में क्लीनिक उनके पिता द्वारा खरीदी गई, जबकि दहेज के पैसों से खरीदी गई कार को जेठ ने हड़प कर बेच दिया।

# फ्लिपकार्ट-मंत्रा वेयरहाउस के सामने सड़क पाटकर अवैध पार्किंग, हरे पेड़ पर भी चला आरा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 'जहां दिखी खाली जमीन, वहीं पर कब्जा'- यह कहावत विजय नगर स्थित सिद्धार्थ विहार ए-7 में पूरी तरह चरितार्थ होती नजर आ रही है। यहां फ्लिपकार्ट और मंत्रा का वेयरहाउस संचालित हो रहा है, जहां से रोजाना सैकड़ों पार्सल की डिलीवरी होती है और दर्जनों कर्मचारी कार्यरत हैं। वहीं पास में एमाजोन का भी वेयरहाउस है। लेकिन सुविधा के नाम पर नियमों को ताक पर रखकर जिस तरह पार्क के पास खाली पड़ी जमीन को खुलेआम अवैध कब्जा और पर्यावरण विनाश किया जा रहा है, उसने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार हाल ही में वेयरहाउस में आए एक मैनेजर ने अपनी और कर्मचारियों की सुविधा को सर्वोपरि मानते हुए वेयरहाउस के सामने स्थित खाली सड़कनुमा स्थान को पाट दिया और उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। इस जगह को बाकायदा पार्किंग में तब्दील कर दिया गया है, जहां अब फ्लिपकार्ट और मंत्रा में काम करने वाले मैनेजर और कर्मचारी अपनी निजी गाडियां खड़ी करते हैं। हैरानी की बात यह है कि वेयरहाउस के आसपास पर्याप्त खाली स्थान मौजूद होने के बावजूद जानबूझकर सार्वजनिक सड़क के हिस्से को ही अवैध पार्किंग बना लिया गया। अवैध पार्किंग की सुविधा बढ़ाने के लिए वहां खड़े हरे-भरे पेड़ को भी बेरहमी से नष्ट कर दिया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिस पेड़ ने वर्षों तक इलाके को छाया और शुद्ध हवा दी, उसे चंद दिनों की सुविधा के लिए काट दिया गया।

# एसआईआर पर कांग्रेस का बड़ा दावा, 8.5 लाख वोट कटने का आरोप, 2027 चुनाव से जोड़ा मुद्दा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, सेंट्रल मार्केट, पुराना बस अड्डा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित गाजियाबाद जिला निगरानी कमेटी के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री माननीय सतीश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर के तहत गाजियाबाद में करीब 8.5 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, जो पूर्व मतदाता संख्या का लगभग 28 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यह विषय अत्यंत गंभीर है और यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी संख्या में नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 को जारी की गई मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस के सभी कर्मठ कार्यकर्ता बूथ स्तर, वार्ड स्तर और ब्लॉक स्तर पर घर-घर जाकर जनता से मिलान करेंगे। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र मतदाता वोट देने के अधिकार से वंचित न रह जाए। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि 6 जनवरी 2026 के बाद जो नए वोट जोड़े जा रहे हैं, वे वास्तव में पात्र हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को उजागर करना कांग्रेस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर किसानों का आक्रोश चरम पर, भोजपुर टोल दो घंटे रहा फ्री

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर तलहैटा में निमार्णाधीन गोल चक्कर के पास किसानों को उतार-चढ़ाव के लिए रास्ता देने समेत अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का आंदोलन 18वें दिन भी जारी रहा। बृहस्पतिवार को आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया, जब बड़ी संख्या में किसान और भाकियू पदाधिकारी भोजपुर टोल प्लाजा पहुंच गए और दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। किसानों ने करीब दो घंटे तक टोल फ्री कराते हुए बिना शुल्क के वाहनों को एक्सप्रेस-वे से निकाल दिया। दोपहर करीब पौने दो बजे पंचायत के बाद किसान भोजपुर टोल पहुंचे। इस दौरान बैरियर तोड़ दिए गए और फास्टैग स्कैन करने वाले कैमरों को पॉलीथीन से ढक दिया गया। टोल प्लाजा से गुजरने वाले 100 से अधिक वाहनों को बिना टोल शुल्क चुकाए निकाल दिया गया, जिससे एक्सप्रेस-वे पर कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। भाकियू पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि तलहैटा में वे पिछले 17 दिनों से भीषण ठंड में धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक एनएचएआई का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उनकी समस्याएं सुनने नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि अधिकारी तानाशाही रवैया अपना रहे हैं और किसानों की जायज मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। किसानों की प्रमुख मांग है कि निमार्णाधीन गोल चक्कर के पास उन्हें उतार-चढ़ाव की सुविधा दी जाए और एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड के पास ठेकेदार द्वारा किए जा रहे मिट्टी के खनन को तत्काल बंद कराया जाए। हंगामा बढ़ता देख पुलिस बल मौके पर पहुंचा। तहसीलदार रजत सिंह और नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा ने किसानों से वार्ता कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जल्द ही एनएचएआई के परियोजना निदेशक से वार्ता कराने का आश्वासन दिए जाने के बाद करीब दो घंटे बाद भोजपुर टोल से धरना समाप्त कराया गया। भाकियू पदाधिकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक एनएचएआई के परियोजना निदेशक से सीधी वार्ता नहीं होती, तब तक तलहैटा में निमार्णाधीन गोल चक्कर का कार्य बंद रहेगा और किसानों का धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन की पहली पंचायत थी और अभी से अधिकारी घबरा गए हैं। यदि अगली पंचायत से पहले मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अगली पंचायत में भोजपुर के साथ-साथ मेरठ के परतापुर टोल को भी फ्री कराया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी एनएचएआई अधिकारियों की होगी।